संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025


# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 118 शुक्रवार 28 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### वक्फ बिल को कैबिनेट की मिली मंजूरी




**14 बदलावों के साथ 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में पेश कर सकती है सरकार**

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है।

### महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की संख्या ने तोड़े रिकॉर्ड



**65 करोड़ भक्त पहुंचे, 3 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू जेनरेट**

**प्रयागराज,27 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अब तक 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इस धार्मिक मेले ने यूपी की अर्थव्यवस्था में भारी योगदान दिया है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान दिनों पर लाखों लोग संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने पहुंचे, जिनमें से एक दिन में 8 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। हालांकि अंतिम आंकड़ा आने तक ये संख्या और बढ़ सकती है।

### कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव



**छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों के किसान कांग्रेस अध्यक्ष बदले**

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।**कांग्रेस संगठन में बदलाव जारी है। एआईसीसी में महासचिव की नियुक्ति के बाद प्रदेश में भी बदलाव हुआ है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों के किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए हैं।जारी सूची में मध्य प्रदेश में धर्मेंद्र सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ में अभिषेक मिश्रा, आंध्र प्रदेश में कामना प्रभाकर राव और त्रिपुरा में अशोक कुमार वैद्य को किसान कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है।

### 29 मार्च को लगेगा साल का पहला सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।** साल 2025 का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च को लगेगा। हालांकि, यह



ग्रहण पूर्ण नहीं, बल्कि आंशिक होगा। क्योंकि चंद्रमा की केंद्रीय छाया पृथ्वी के दक्षिण से गुजरेगी। यह खगोलीय घटना यूरोप और नॉर्थ पोल के कुछ हिस्सों को चार घंटे के लिए अंधेरे में डुबो देगी।

### प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों कर्मचारियों को लग सकता है झटका




**नईदिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।** प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों लोगों को जल्द ही तगड़ा झटका लगने वाला है। शुक्रवार यानी 28 फरवरी ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की होने वाली मीटिंग में इंटरेस्ट रेट पर कटौती को लेकर कुछ फैसले ले सकते है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पीएफ के लिए ब्याज दर में कटौती की जा सकती है। स्टॉक मार्केट और बॉन्ड यील्ड से ईपीएफओ की कमाई में गिरावट आई है और ज्यादा दावों का सेटलमेंट किया गया है,इसी कराण से ये निर्णय लिया जा सकता है।

# दिल्ली विधानसभा में मचा भारी हंगामा

» आप विधायकों की एंट्री पर रोक...

» आतिशी ने बीजेपी पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट को लेकर चर्चा शुरू हुई। इस बीच, आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी अपने विधायकों के साथ धरने पर बैठ गईं।

**सदन से विपक्ष निलंबित, आतिशी का धरना**

विधानसभा सत्र के तीसरे दिन सदन में भाजपा के सभी 21 विधायक अनुपस्थित रहे, क्योंकि उन्हें शुक्रवार तक के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल कार्यवाही देखने पहुंचे। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने भगत सिंह और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं से जुड़ा मुद्दा उठाया, जबकि विधायक मोहन सिंह ने मुस्तफाबाद में गंदे पानी की समस्या को सदन में रखा।






**आप विधायकों को रोका गया,आतिशी का विरोध प्रदर्शन**

आतिशी और अन्य आप विधायक गांधी प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर पुलिस उन्हें सदन में प्रवेश करने से रोक रही है। आतिशी ने इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने स्पीकर से बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

**भाजपा पर आतिशी का हमला**

पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर भाजपा पर निशाना साधते हुए लिखा कि सत्ता में आते ही भाजपा ने तानाशाही की हदें पार कर दीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ 'जय भीम' का नारा लगाने पर,क विधायकों को तीन दिन के लिए निलंबित कर दिया गया और अब उन्हें विधानसभा परिसर में भी घुसने नहीं दिया जा रहा। आप ने भी इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।

**सीएजी रिपोर्ट पर भाजपा का पलटवार**

भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने सीएजी रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसमें आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की जनता के लिए आवंटित पैसा बेईमान लोगों की जेब में चला गया और आप को 2000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान पर जवाब देना होगा।

**शराब घोटाले पर सवाल**

कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सवाल उठाया कि दिल्ली में शराब के ठेके खोलने के लाइसेंस कैसे दिए गए? भाजपा ने तत्कालीन उपराज्यपाल की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि इस घोटाले में आप से जुड़े राजनीतिक दलों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।
विधानसभा में चल रहे इस राजनीतिक घमासान के बीच, सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा और आप विधायकों का प्रदर्शन दोनों ही राजनीतिक माहौल को गरमाए हुए हैं।

# एलपीजी सिलेंडर,एफडी सहित मार्च के पहले दिन से बदल जाएगा बहुत कुछ

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025(ए)।** फरवरी महीना एक दिन खत्म होने जा रहा है। मार्च महीने के शुरुआत के साथ ही आपके आसपास कई नियम बदल जाएंगे। ये नियम पैसों से जुड़े हैं। 1 मार्च 2025 से कई बड़े नियम बदलने वाले हैं। जो आपकी जेब पर असर कर सकते हैं...

सिलेंडर के रेट हर महीने की शुरुआत के साथ ही तेल कंपनियों की ओर से गैस सिलेंडर के रेट्स बदल दिए जाते हैं, 1 मार्च को भी तेल कंपनियां समीक्षा के बाद गैस सिलेंडर की नई कीमतों को जारी करेगी। सिर्फ एलपीजी ही नहीं बल्कि ऑयल कंपनियां हवाई ईंधन यानी एयर टर्बाइन फ्यूल और सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में भी बदलाव कर सकती है।




जमा से जुड़ा नियम 1 मार्च से बदलने वाले नियम का असर सिर्फ आपकी रसोई पर ही नहीं होगा, बल्कि जेब पर भी इस बदलाव का असर दिखेगा। अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करते हैं, तो 1 मार्च से एफडी के नियमों में कुछ बड़े बदल सकते हैं, 1 मार्च से लागू होने वाले नए नियम न केवल आपके एफडी रिटर्न पर असर डाल सकते हैं, बल्कि टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी फर्क पड़ सकता है। कई बैंकों की ओर से एफडी की ब्याज दरों में बदलाव किए गए हैं। मार्च 2025 में एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव हो सकते हैं। पेमेंट से जुड़ा नियम इंश्योरेंस प्रीमियम पेमेंट सिस्टम यानी यूपीआई से जुड़े नियम में भी बदलाव हो सकता है, 1 मार्च से यूपीआई में चेंज आ सकता है। जिससे बीमा प्रीमियम का भुगतान और अधिक आसान होगा। नए बदलाव के तहते यूपीआई सिस्टम में बीमा-SB सर्विस को जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट को ब्लॉक कर सकेंगे।

### महाकुंभ के बाद सफाई अभियान में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**प्रयागराज,27 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के समापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रियों के साथ सफाई अभियान में जुट गए हैं।
गुरुवार को महाकुंभ समापन समारोह में पहुंचे योगी ने सबसे पहले मेला क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की और कूड़े को हटाया। इसके बाद उन्होंने अरैल घाट पर पहुंचकर गंदगी को हटाया।
इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ अरैल घाट पर पूजा-अर्चना भी की।

### तेलुगु अभिनेता पोसानी कृष्ण मुरली गिरफ्तार



**हैदराबाद,27 फरवरी 2025(ए)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगु अभिनेता और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता पोसानी कृष्ण मुरली को मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और मंत्री नारा लोकेश के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिं या। आंध्र प्रदेश पुलिस की एक टीम ने बुधवार रात हैदराबाद के रायदुर्ग क्षेत्र स्थित माय होम भुजा अपार्टमेंट्स में स्थित उनके आवास से पोसानी को गिरफ्तार किया। अभिनेता ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई। पुलिस टीम द्वारा उन्हें सड़क मार्ग से आंध्र प्रदेश ले जाया गया।

# दोषी सांसदों पर आजीवन बैन लगाना सही नहीं

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा**

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025 (ए)।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध कठोर होगा इसलिए छह साल का प्रतिबंध पर्याप्त है। वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने कहा कि अयोग्यता की अवधि तय करना पूरी तरह से संसद के



अधिकार क्षेत्र में है। इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। हलफनामे में कहा गया है, ''यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।'' केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का संविधान के आर्टिकल 102 और 191 पर इस मामले में भरोसा पूरी तरह से गलत है।



### कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग

**सूरत,27 फरवरी 2025(ए)।** गुजरात के सूरत के शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। आग पर काबू पाने के लिए सूरत, नवसारी और बारडोली फायर ब्रिगेड टीम के अलावा हजीरा इंडस्ट्रियल से ओएनजीसी, कृभको, एएमएनएस, एनटीपीसी, रिलायंस और कलर टैक्स कंपनियों की फायर सेफ्टी टीम भी लगी हुई है। चीफ फायर ऑफिसर बसंत परीख ने बताया कि मार्केट की दुकानों में सिंथेटिक कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैल रही है। इसके चलते फायर जवानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लगातार 16 घंटे तक आग से बिल्डिंग गर्म हो गई है और धुआं भी भर रहा है।

# पिता ने तीन बेटियों का किया बलात्कार

**एक का चार बार गर्भपात भी कराया, आरोपी गिरफ्तार**

**नालासोपारा,27 फरवरी 2025 (ए)।** महाराष्ट्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी तीन बेटियों के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित लड़कियों ने नालासोपारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिश्ते को कलंकित करने वाली इस घटना से शहर में आक्रोश फैल गया। आरोपी पिता पर रंगदारी, फायरिंग और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के भी आरोप हैं। नालासोपारा पुलिस ने लड़कियों के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस



ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित लड़कियां बहनें हैं। वे मूल रूप से कोंकण के एक क्षेत्र में रहती हैं। लड़कियों का 56 वर्षीय पिता एक कुख्यात अपराधी है। उसकी चार बेटियां हैं। वह कोंकण में अपने गांव में रहने के दौरान इन लड़कियों के साथ जबरन बलात्कार करता था। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक लड़की का चार बार गर्भपात भी कराया गया था।

आखिरकार पिता की प्रताड़ना से तंग आकर मां अपनी बेटियों को लेकर नालासोपारा में अपने एक रिश्तेदार के यहां रहने चली गई। तीनों बेटियों में सबसे बड़ी बेटी 21 साल की है और बाकी दो नाबालिग हैं। उन्होंने हिम्मत करके पिता के अत्याचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने का फैसला किया। इस संबंध में सबसे बड़ी बेटी ने शिकायत दर्ज कराई है। लड़कियों ने पुलिस को बताया कि वे अपने पिता के डर से अब तक चुप थीं। लड़कियों की शिकायत के आधार पर नालासोपारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# यूनाइटेड सर्विसेज क्लब में 78 करोड़ की गड़बड़ी

**भारतीय नौसेना ने दर्ज कराई एफआईआर**

**मुंबई,27 फरवरी 2025 (ए)।** भारतीय नौसेना ने मुंबई के कोलाबा इलाके स्थित यूनाइटेड सर्विसेज क्लब (यूएस क्लब) में कथित तौर पर 78 करोड़ के फाइनेंशियल मिसमैनेजमेंट के मामले में मुंबई के कफ परेड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। मामले की गंभीरता और फाइनेंशियल एंगल को देखते हुए इस मामले को आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है। दरअसल, यूनाइटेड सर्विसेज क्लब (यूएस



क्लब) भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा संचालित है। नौसेना की आधिकारिक शिकायत के बाद धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए दो व्यक्तियों और एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### इस दूल्हा-दुल्हन को अपनी शादी की विदाई हमेशा याद रहेगी...

**प्रयागराज,27 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025



का समापन हो चुका है। इस बीच प्रयागराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें एक दूल्हा और दुल्हन बाइक पर बैठकर जाते हुए दिख रहे हैं। दूल्हे ने बताया कि जाम के चलते घर पहुंचने के लिए उसको बाइक का सहारा लेना पड़ा। कार से जाने में काफी टाइम लग रहा था, क्योंकि वह जाम में फंस गई थी।

# संपादकीय

## रेसीप्रोकल टैरिफ से भारत भी प्रभावित

एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी,लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन देशों में भारत भी एक है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगाह किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें भारत भी है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। वियतनाम, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका से अधिक जुड़ी हुई हैं। भारत और जापान की घरेलू अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, इससे ये दोनों एक हद तक ट्रंप के टैरिफ की मार को झेल जाएंगे। मगर दोनों देशों के लिए अमेरिका वह स्थल है, जहां उनके निर्यात की बड़ी मात्रा जाती है।जिन चंद बड़े देशों के साथ कारोबार में भारत व्यापार लाभ की स्थिति में है, उनमें अमेरिका प्रमुख है। वरना, चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ता चला गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से भारत 101 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका होगा, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक भारत से चीन को हुआ कल निर्यात 14.85 बिलियन डॉलर का ही था। साल भर पहले से तुलना करें, तो इसमें डेढ़ बिलियन डॉलर से भी कम की बढ़ोतरी हुई। ऐसे में अमेरिकी बाजार से होने वाले व्यापार लाभ का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अब ट्रंप ने समान मात्रा में आयात शुल्क लगाने का फैसला कर इस लाभ को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया है।आशंका है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तु एवं सेवाएं महंगी हो जाएंगी, नतीजतन इनका उपभोग वहां घट सकता है। इससे निर्यात में गिरावट आएगी। डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश होने के नाते भारतीय निर्यात को विशेष सुविधा मिली रही है। मगर ट्रंप किसी अंतरराष्ट्रीय नियम को नहीं मानते। बहरहाल, यह सिर्फ अफसोस करने का मुद्दा नहीं है। बल्कि यह एक अवसर भी हो सकता है, अगर सबक लेते हुए अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी जाए। क्या भारत सरकार और यहां के निजी क्षेत्र में ऐसा करने की बौद्धिक क्षमता एवं साहस है?

# अधिसंख्य आबादी तक पहुंचें सस्ती दवाइयां



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब



पिछले काफी समय से जेनेरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होंगी। नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है। विरोध के बाद एनएमसी ने अपना फैसला वापस ले लिया था। सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के चलन से बड़ी फार्मा कंपनियों को सीधे नुकसान होगा।

आमतौर पर सभी दवाओं में एक तरह का 'केमिकल सॉल्ट' होता हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड (जैसे क्रोसिन) के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है।

जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड की तुलना में 10 से 20 गुना तक सस्ती होती हैं। दरअसल, फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करती हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार-प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता। कई जानलेवा बीमारियां जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज़ की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपये है, जबकि जेनेरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपये महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं।

देश में फार्मा इंडस्ट्री 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की है और इसकी सालाना ग्रोथ 11 प्रतिशत है। देश में सालाना करीब 1.27 लाख करोड़ की दवाएं बेची जाती हैं, इसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जेनेरिक दवाओं का है। भारत जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। दुनियाभर की डिमांड की 20 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। अमेरिका में 40 प्रतिशत और यूके में 25 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। 2018-19 में देश से 1,920 करोड़ डॉलर की दवाइयां एक्सपोर्ट की गईं। दुनियाभर में कुल वैक्सीन डिमांड का 50 प्रतिशत भारत से सप्लाई होता है। इनके अलावा दक्षिण अफ्रीका, रूस, ब्राजील, नाइजीरिया और जर्मनी में भी भारतीय दवाएं एक्सपोर्ट की गईं।

एक अनुमान के मुताबिक, किसी भी मरीज के इलाज के दौरान होने वाले खर्च का 70 प्रतिशत अकेले दवाओं पर खर्च हो जाता है। सरकार ने पिछले महीने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि इलाज और दवा पर होने वाले खर्च की वजह से देश में हर साल 3 करोड़ 8 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। फिलहाल सरकार की आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क इलाज और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाओं का मिलना लोगों के लिए राहत की बात है। आयुष्मान भारत योजना का दायरा देश की अधिसंख्य आबादी तक बढ़ाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य लोगों को ब्रांडेड महंगी दवाइयों के स्थान पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करना है। सरकार के प्रयास के बावजूद अभी भी देश में बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाओं का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। समय आ गया है कि सामुदायिक स्तर पर जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। देश में बढ़ती महंगाई के दौर में लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयों के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। ऐसे में समय आ गया है कि सभी को जेनेरिक दवाओं के माध्यम से सस्ती दवाएं मुहैया कराइ जाएं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# मानव मात्र एक समान देश है सबसे ऊपर



**संजय गोस्वामी**
मुंबई,महाराष्ट्र

हमें ज्ञान देने वाला कौन है।आप जब एक कौवा को एकबार बिजली के तार से गिर कर मरते देखा तो शायद उसके शोक में सैकड़ो कौवा चिल्लाते हुए आ गए और कॉव कॉव करने लगे। ना तो उसकी क़ोई जाति ना क़ोई धर्म मानो सिर्फ मुश्किल में एकजुटता ही उसके प्रति संवेदना थी ना तो वो किसी पैसे को लेता है ना ही सोना चांदी केवल खाने के लिए छपटा मारता है यानि पेट भर खाना मिला पीने को पानी मिल गया। बस इससे ज्यादा कहीं पेड़ पर इधर उधर उड़ना और घोसला बनाना प्रकृति ने उसे भी जीवन दिया सोचने समझने की ताकत दि अतः वो अपने में खुश है। महाकुम्भ 25 को टीवी पर 68करोड़ गए आप नहीं गए मौका चूक गए इसे सफल बनाया है तो ईश्वर ने हीं कराया क्योंकि जब मौत होती है तो ईश्वर के उपर ही डाला जाता है। अतः सब ईश्वर की मर्जी से हुआ ना किसी को ना जाने का अफ़सोस होना चाहिए ना हीं जाने पर बहुत खुश होना चाहिए। ना जाने का कारण मज़बूरी और कर्तव्य करना आवश्यक होगा इसलिए नहीं जाने का अफ़सोस करना व्यर्थ है। आप एक ईश्वर का अंश है ईश्वर ने जब भेजा तो ना तो धर्म देखा ना हीं जात पात यहाँ आते हीं इनसब में फंसकर कर्म को भूल जाते है। मैं मानता हूँ आदरणीय योगीजी की मेहनत होगी और बधाई के पात्र है क्योंकि आस्था का सम्मान किया लेकिन असल में ना तो हम किसी धर्म से बंधे है ना हीं जातपात से । भेदभाव तो जन्म लेने के बाद पैदा हुआ लेकिन इंसान तो इंसान हीं है। असली कर्म तो जब आएगा जब आपको देश की जरुरत किसी ना किसी रूप में होगी जिसमें रक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और उस समय बस एक ही कुम्भ है। भारत माता और भारत माता की रक्षा हेतु ना तो जात की आवश्यकता है ना हीं धर्म की।क़ोई भी देश का सच्चा नागरिक जिसमें देश की रक्षा का जूनून होगा जो मातृभूमि से प्रेम रखता होगा वह अवश्य हीं शहीद होने चल पड़ेगा, जाति पाति, धर्म ऐ कभी आड़े नहीं आएंगे।एक हीं मकसद होगा,देश को बचाना और माँ बहनो को सुरक्षा देना, अतः हमें हमेशा मिलजुल कर रहना चाहिए।देश से अधिक प्यारा कुछ भी नहीं है अतः हमें देश प्रेम की भावना से काम करना चाहिए शिवरात्रि के दिन महाकुम्भ का अंतिम दिन था। अतः हमें भगवान शंकर से सिखने की आवश्यकता है। जो शिवलिंग है उसपर तरह तरह की बातें आती है जिसे लिखना उचित नहीं है लेकिन शिवलिंग शुद्ध पवित्र और शांति का परिचायक है जो भगवान भोलेनाथ का उस स्वरुप का भाग दीखता है। जो समुद्र मंथन से जैसे किसी कड़वे विष को पी रहें हैं तभी शिवलिंग का उनका ऊपर का भाग जैसे लगता है। ध्यान में लीन है और उन्हें कुछ नहीं मालूम क्या पी रहें हैं क्योंकि ध्यान में ही ऐसी शक्ति है कि मीरा का विष भी अमृत हो गया और उसके निचे जो उभरा हुआ भाग है वो जहर का प्याला जैसा दीखता है फिर गर्दन जैसा लिंग का रूप है। जहाँ उन्होंने विष को अटका लिया था और इसलिए उनके ऊपर नाग देवता विराजमान है और विष के प्रभाव को ख़त्म करने के लिए जटा से निकली माँ गंगे, इसलिए शिवलिंग पर जल, दूध, मट्ठा आदि चढ़ाया जाता है क्योंकि उससे उसका(विष) प्रभाव कम हो इसलिए नागो में विष आ गया। जिसे भगवान शंकर ने गले से लगाया सृष्टि को बचाने के लिए प्रभु ने अपना संपूर्ण जीवन हीं विष को गले लगा लिया। यही तो त्याग और अमृत का प्रतीक है।अमृत है तभी तो भोलेनाथ आपको सबकुछ देते हैं। कुछ लोग इसे काम से जोड़कर नर, नारी का मिलन बताते है लेकिन वैसा है नहीं क्योंकि जो काम है वही आपका सबसे बड़ा शत्रु है जिसकी वासना में डूब कर आप उसमें होश हवास को दे देते हैं।जब मन को नियंत्रित नहीं कर पाएं और जो नाश होने वाला है वो आपको पतन की ओर ले जाता है। अतः शांत मन से ईश्वर से प्रेम करें जो आपको अनन्त काल तक सुख देने वाला है। ना जन्म के बंधन में बंधा ना ही ना हीं मौत का भय ना किसी से ईर्ष्या ना ही बैर, केवल मानवता हेतु विश्व शांति की ओर हो जो सही में। आपको एक दिन सही जीच के बारे में बताएगा, यही गुरू नानक का कहना है। एक ओंकार सतनाम,यानि ईश्वर एक है.। वो है मानवता और सभी को देश में एकजुटता होनी चाहिए। देशप्रेम की भावना हो ना क़ोई छोटा ना क़ोई बड़ा ईश्वर के शरण में एक जैसा बन्दा जो केवल मातृभूमि से प्रेम करता हो देश की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है मौका मिलेगा। जब देश पर संकट के बादल आएंगे हाल हीं में कोरोना से निपट चुके हैं। उसमें मालूम नहीं हुआ कौन आपके साथ था वो मानव हीं होगा लेकिन ईश्वर का सच्चा बन्दा जो कभी मौत से भी नहीं डरा।.किसी के प्रति नफरत से आपका ही मन विचलित होता है जो शांति को भंग करती है।

# प्रकृति प्रदत्त विकृत सुआकृति लेती



**लक्ष्मीनारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

पृथ्वी पर पायी जाने वाली समस्त जीव जंतु प्रत्यक्ष रूप से प्रकृति के गोद में ही खेलते पलते और बढ़ते है। मनुष्य प्रकृति से बहुत सारी अपेक्षाएं रखना है और जब उनके अनुकूल प्रकृति प्रदत्त घटनाएं होती है तो व्यक्ति बहुत खुश होता है, लेकिन यदि कोई घटनाएं मनुष्य के प्रतिकूल होता है तो व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति को कोसता है। मनुष्य के मन में इस प्रकार का विचार उत्पन्न होना विचारणीय है क्योंकि मनुष्य प्रकृति का सबसे विवेकवान प्राणी है। मनुष्य का इस प्रकार का स्वभाव स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक अस्वाभाविक प्रक्रिया है क्योंकि मनुष्य प्रकृति में रहते हुए भी प्रकृति के स्वभाव को नहीं समझ पाता। प्रकृति का हर व्यवहार पर्यावरण और जीव जंतु के मध्य संतुलन बनाने की एक सहज प्रक्रिया है।

हम सब जानते हैं की चार वर्ष पहले प्राकृतिक विपदा के तौर पर कॉविड19 पूरे दुनिया में छाया हुआ था, फलस्वरुप मनुष्य को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा साथ में इस विपदा या महामारी के कारण हमने अपनों को भी खोया है। प्रकृति के इस विकृत स्वरूप को देखने में भले ही हमें भयंकर लगा पर पर्यावरण को संतुलित भी तो किया नदी नाले पर्यटक स्थल वन बिना कुछ किए स्वच्छ रहा। मनुष्य को इस दरम्यान पता चला की शुद्ध हवा क्या होता है और कहां से इनकी व्यवस्था किया जा सकता है फलस्वरूप धरा पर पौधा रोपण और वृक्षों के संरक्षण को बढ़ावा मिला।भारतीय कहीं ना कहीं अपने सनातन संस्कृति और सभ्यता को भूल रहे थे और पाश्चात्य सभ्यता में लीन हो रहे थे,हाथ जोड़कर अपनों से अभिवादन को विस्मित कर रहे थे। अतः प्रकृति ने सहज रूप से मनुष्य को भारतीय अभिवादन प्रक्रिया को याद दिलाया।

अभी वर्तमान में पतझड़ का दौर चल रहा है। जंगल बाग या पेड़ पौधा वीरान लगता है पर नये पत्ते आने पर पूरा जंगल बाग या पेड़ पौधा मनमोहक लगता है वृक्ष की रौनकता बढ़ जाती है।

# राम तेरी गंगा मैली हो गई,पापियों के पाप ढोते-ढोते

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि गंगा की जिस पवित्रता का वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथों में किया गया है, महाकुंभ की गंगा अब पवित्र नहीं रह गई है। बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया है कि संगम घाट पर मल से उत्पन्न कोलीफॉर्म की मात्रा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 12,500 मिलियन और शास्त्री पुल पर वह प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 10,150 है, जो निर्धारित मात्रा 2000 मिलियन से 5-6 गुना ज्यादा है। जिस पानी के पीने योग्य होने का दावा मोदी योगी की सरकार कर रही है, वह पीने तो क्या, नहाने योग्य भी नहीं है। बोर्ड की इस रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने भी अपनी मुहर लगा दी है और ये दोनों एजेंसियां सरकारी एजेंसियां ही हैं। जब भी कुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल उठे हैं, सरकार ने ऐसे सवाल उठने वालों को हिंदुत्व विरोधी, सनातन विरोधी, धार्मिक आस्थाओं पर हमला करने वाले ... और न जाने क्या क्या कहा है! अब मोदी-योगी सरकार को यह बताना चाहिए कि ये दोनों सरकारी निकाय क्या हिंदुत्व विरोधी और सनातन विरोधी हैं? इस महाकुंभ के आयोजन पर घोषित रूप से 7,300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अघोषित रूप से भी लगभग इतनी है। तो यह सवाल पूछा ही जाना चाहिए कि क्या यह राशि इतनी कम है कि तीर्थ यात्रियों को नहाने और पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है? उल्लेखनीय है कि हमारे विज्ञान और तकनीक केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने यह दावा किया था कि पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए' भारत के नाभिकीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही तकनीक का भी यहां इस्तेमाल करते हुए फिल्टरेशन प्लांट लगाए हैं। तो फिर ये तकनीक और प्लांट कहां गायब हो गए और लोगों को मल-प्रदूषित पानी में डुबकियां लगाकर पुण्य क्यों कमाना पड़ रहा है? यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी नमामि गंगे परियोजना में, विगत एक दशक में हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। गंगा शुद्धिकरण का काम भी कॉरपोरेट घरानों को ही सौंपा गया है, जिसके बारे में भाजपा-आरएसएस का सामान्य दृष्टिकोण यही है कि सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से काम करते हैं और संभव हो, तो सरकार चलाने का ठेका भी सीधे इन्हीं लोगों को सौंप दिया जाना चाहिए, (वैसे अप्रत्यक्ष रूप से अभी भी सरकार ठेके पर ही चल रही है!)। तब दस सालों में भी गंगा साफ क्यों नहीं हो पाई और परियोजना की हजारों करोड़ की राशि कहां गायब हो गई? सरकार का यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण है कि महाकुंभ में 35 करोड़ लोग पहुंचे हैं। लेकिन इतना तो सही है कि इस कुंभ का भी जिस प्रकार नफरत फैलाने और ध्रुवीकरण करने की राजनीति के लिए उपयोग किया गया है, यदि सरकारी दावे के आधा, 15 करोड़ भी इस कुंभ में पहुंचे हों, तो सरकारी खर्च प्रति व्यक्ति औसतन 500 रूपये बैठता है और किसी भी तीर्थ यात्री को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए यह राशि कम नहीं होती। कहीं ऐसा तो नहीं कि महाकुंभ में 50 करोड़ तीर्थयात्रियों के पहुंचने का दावा, जिसकी किसी भी तरह से पुष्टि नहीं होती, इस भारी भरकम आबंटन में सेंधमारी करने की सुनियोजित साजिश है? ऐसा नहीं है कि गंगा के इस भीषण प्रदूषण की जानकारी राजनेताओं, सरकार और उसके अधिकारियों की नहीं थी। यदि ऐसा होता, तो प्रधानमंत्री एक साधारण तीर्थ यात्री की तरह डुबकी लगाते नजर आते, न कि विशेष सूट-बूट पहनकर। डुबकी लगाने में उनकी कायरता टीवी चैनलों पर साफ दिख रही थी कि सिर पानी में ही नहीं डूब रहा था! लेकिन सवाल दिल्ली और यूपी के चुनावों को अपनी डुबकी से प्रभावित करने का था, सो उन्होंने किया। प्रधानमंत्री की इस अर्थपूर्ण डुबकी का राष्ट्रपति सहित भाजपा-संघ के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह अनुसरण किया। आम जनता की धार्मिक आस्थाओं का राजनैतिक दोहन करने के लिए संघ-भाजपा ने उन्हें नरक के कुंभ में भी डुबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, क्योंकि श्रद्धालुओं की हर डुबकी से उनके पेट में कोलीफॉर्म (वास्तव में मल) के कुछ कीटाणु उनके पेट में जा रहे हैं, वरना इस वैज्ञानिक युग में पीने और नहाने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना कोई मुश्किल काम नहीं है।



**-संजय पराते-**



## कविता
## कौटुम्बिक द्वंद्व

घटती-घटना




**चंद्रकांत खूंटे**
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़

कुछ लड़ रहे घर में,कुछ बाहर
कुछ इजलास परिसर
ये द्वंद्व है मनमुटाव को लेकर
कौटुम्बिक स्वभाव को लेकर
एक-दूजे पर लग रहे लाँछन को
माथ से लेकर झाँझन को
कोई भर-भर के कोस रहे
बाहुबल का जमा धौंस रहे
गिना रहे किये गए सहयोग को
दुर्बलता और रोग को
नही देख रहे खुद की गलती को
खुशियाँ सबकी निगलती को
ऊर्जा बल धन बर्बाद कर रहे
शिशुओ के मस्तिष्क फसाद भर रहे
देख रहे भ्राताओं की कहा-सुनी
शब्दों की चोंट में घायल होते दोगुनी
निज साख बचाने सब लड़ रहे
अनुयायी न होने पर बिगड़ रहे
ईर्ष्या अहं ने छीन ली सुख शांति है
चक्षु नम,चिंतन में विश्रांति है
द्वेष-द्वंद्व में न कोई जीता-हारा है
लड़खड़ाते डग में न कोई सहारा है
डूबाने में लगे है यहाँ सब के सब
उद्यत नही कोई बनने किनारा है ।।

# ललचाई नजरों से मांसाहार के लिए आतुर

आप सभी के भी ऐसे दोस्त व रिश्तेदार होंगे जो किसी शादी या नये साल के दावत में चिकन-मटन न मिलने पर ऐसा कहते हों,क्या घास-कूड़ा खिला दिया।'औसत दर्जे के लोग बटर चिकन, कढ़ाई चिकन, बोनलेस चिकन, चिकन कोफ्ता, मुर्गा दो प्याजा या मटन की तमाम किस्में खाते हैं। वरना भुना मुर्गा लार टपका कर निगल जाते हैं। जो जरा ज्यादा फैशनेबल हैं उनको सुबह नाश्ते में सासेज,सलामी आदि खाने की आदत पड़ जाती है, लंच में चिकन, लैम्ब सूप या प्रॉन (झींगा) वगैरह। डिनर में लॉबस्टर, फिश या कोई और चीनी या समुद्री खाना। भारत के सभी महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस ललचाई नजरों से लोग मांसाहार के लिए आतुर रहते हैं। जिनके पास साधन हैं वो यह सारी वस्तुएं आयातित मांस से पकाते हैं या पांच सितारा होटलों में ही खाते हैं। वरना दिल्ली के कनॉट पैलेस व अन्य इलाकों में कई रेस्टोरेंट व ढाबे हर शहर और राजमार्ग पर बिखरे पड़े हैं जहां सलाखों में मुर्गे की मसाला लगी टांगे टंगी रहती हैं। पर अब जरा दूसरी तरफ देखिए अगर आप देश के बहुत ही संपन्न लोगों की संगति में बैठे हों तो आप पाएंगे कि बहुत से बड़े लोग मांसाहार छोड़ते जा रहे हैं। और तो और अमेरिका और यूरोप के देश जहां दस वर्ष पहले तक शाकाहार का नाम तक नहीं जानते थे,लेकिन आज काफी तादाद में मांसाहार पूरी तरह छोड़ चुके हैं। जानते हैं क्यों? पहली बात तो यह कि मानव शरीर शाकाहार के लिए बना है मांसाहार के लिए नहीं।यह बात हम अपनी तुलना शाकाहारी और मांसाहारी पशुओं से करने पर समझ सकते हैं। शेर, कुत्ता, घड़ियाल व भेड़िया मांसाहारी हैं। गाय, बकरी, बंदर व खरगोश शाकाहारी हैं। मांसाहारी पशुओं को कुदरत ने दोनों जबड़ों में तेज नुकीले कीलनुमा दांत और खतरनाक पंजे दिए हैं। पर गाय और बंदर की ही तरह मानव को कुदरत ने ऐसे दांतों और पंजों से वंचित रखा है, क्यों? मांसाहारी पशु जैसे कुत्ता जीभ से पसीना टपकाता है। इसलिए हांफता रहता है। शाकाहारी पशुओं और मानव के बदन से पसीना टपकता है। मांसाहारी पशुओं की आंतें काफी छोटी होती है ताकि मांस जल्दी ही पखाने के रास्ते बाहर निकल जाए जबकि शाकाहारी जानवरों और मानव की आंतें अनुपात में तीन गुनी बड़ी और ज्यादा घुमावदार होती है ताकि अन्न, फल, सब्जियों का रसा अच्छी तरह सोख ले। यदि आप मांसाहारी है तो आपने नोट किया होगा कि फ्रिज के निचले खाने में इतनी ठंडक होने के बावजूद मांस कुछ ही घंटों में सडऩे लगता है। फिर मानव शरीर की गर्मी में मांस के आंत में अटक-अटक चलने में इसकी क्या गति होती होगी, कभी सोचा आपने ? आपने कभी सड़क पर कुचला कुत्ता देखा है कितनी सी देर में उसमें से बदबू आने लगती है तो क्या हमारी आंत में पड़ा मांस तरोताजा बना रहता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मांसाहारी पशुओं के आमाशय में जो तेजाब रिसता है वह शाकाहारी पशुओं और मानव के आमाशय में रिसने वाले तेजाब से बीस गुना ज्यादा तीखा होता है, ताकि मांस जल्दी गला सके। ऐसे तेजाब के अभाव में हमारे आमाशय में पड़े मांस की क्या हालत होती होगी? भारत जैसे देश में, बहुसंख्यक आबादी किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पल रही हैं, तो जो जानवर काटे जा रहे हैं उनके वातावरण, भोजन और रखरखाव में जो नर्क से बदतर जिंदगी होती है, उससे कैसा मांस आप तक पहुंचता है? फिर आप तो जानते हैं कि भारत में कितना भ्रष्टाचार है। जिन भी इंस्पेक्टरों की ड्यूटी कसाईखानों में लगी होती है उनसे क्या आप राजा हरिशचंद्र होने की उम्मीद कर सकते हैं? या वक्त के साथ चलने वाला होशियार आदमी।कई बरस पहले दिल्ली के पांच सितारा होटल में पोषण विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। वहां दोपहर के भोजन के समय शोर मच गया। दुनिया भर से आए पोषण विशेषज्ञ डाक्टरों ने कहा कि लंच में जो मुर्गे परोसे गए वे सड़े हुए हैं। होटल के महाप्रबंधक तक खबर पहुंची। फौरन दौड़े-दोड़े बैंक्वट हॉल में आए। आयोजकों से माफी मांगी। सरकारी नौकरी चले जाने का हवाला देकर खुशामद की। समझौता हुआ कि लंच का जो बीस-तीस हजार रुपये का बिल बना था वो माफ हो जाएगा। तभी होटल वालों को पता चला कि वहां डाक्टरों की भीड़ में एक संवाददाता भी मौजूद था। घबराए हुए वे उस पत्रकार के पास आए और गिडिगड़ा कर कहने लगे कि ये खबर मत छापिएगा। लालच देने लगे कि आपके शादी में पचास फीसद बिल माफ कर देंगे। जब उसी पत्रकार ने इस पर तहकीकात की तो पता चला कि आमतौर पर कमीशन के चक्कर में सबसे सड़े, बासी और बेकार मुर्गे वहां और कई बड़े होटलों में खरीदे जाते हैं। कुछ समय बाद खबर छपी। पोषण विशेषज्ञों को पांच सितारा होटल ने सड़े मुर्गे परोसे।' यह दिल्ली के एक प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल की कहानी है तो बाकी की बात आप खुद ही समझ लीजिए।



**-रजनीश कपूर-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# हथियारबंद 3 नकाबपोशों ने कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर लूटे जेवरात समेत रुपए





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

सीतापुर के नवापारा निवासी किराना कारोबारी के पूरे परिवार को बंधक बनाकर बुधवार की देर रात हथियारबंद 3 नकाबपोशों ने 30 लाख रुपए की लूट की। वारदात को अंजाम देने के बाद उन्होंने सभी को एक कमरे में बंद किया और फरार हो गए। किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में नकाबपोश कैद हो गए। सूचना मिलते ही रात में सीतापुर पुलिस पहुंची और डॉग स्क्वायड की मदद से लुटेरों का सुराग लगाने में जुट गई है। सीतापुर के नवापारा निवासी राधेश्याम गुप्ता रिटायर्ड डिप्टी रेंजर हैं। उनका बेटा अजय गुप्ता किराना व्यवसायी है। बुधवार की रात राधेश्याम गुप्ता, उनकी पत्नी, उनके दोनों बेटे, बहू व पोते अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। रात करीब 1.30 बजे छत का गेट तोड़कर कट्टे व तलवार से लैस 3 नकाबपोश घर में घुसे। इसके बाद उन्होंने सभी के कमरे का दरवाजा खटखटाकर खुलवाया। दरवाजा खोलते ही नकाबपोशों ने हथियारों के बल पर सभी को बंधक बना लिया। शोर मचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फिर सभी को एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और उनके फोन छीन लिए।पूरे परिवार को बंधक बनाने के बाद नकाबपोशों ने पूरा घर खंगाल डाला। उन्होंने आलमारी में रखे ढाई लाख रुपए व सोने-चांदी के ज्वेलरी लूट लिए। इसके बाद महिलाओं के पहने जेवर भी उतरवा लिए और कमरे में सभी को बंद कर फरार हो गए। इधर लुटेरे किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। नकाबपोश लुटेरों ने घर से बाहर निकलते ही परिवार से लूटे गए मोबाइल बाहर फेंक दिए थे। इधर राधेश्याम गुप्ता के पोते का दरवाजा बाहर से लॉक नहीं होता था। ऐसे में उसे लुटेरो ने खुला ही छोड़ दिया था। लुटेरों के जाने के बाद सबसे पहले पोता बाहर निकला और सभी के कमरों का दरवाजा खोला। इसके बाद बाहर निकलकर परिजनों ने राधेश्याम गुप्ता के भाई को सूचना दी। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। रात करीब 3 बजे लूट की सूचना सीतापुर पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने दुकान का सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो लुटेरे उसमें नजर आए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों की खोजबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों का सुराग लगाने डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। लूट की ज्वेलरी व कैश के संबंध में भी मिलान किया जा रहा है। आरोपियों का अब तक पता नहीं चल सका है।





## ओम प्रकाश और चंचल निषाद का चयन राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिला नेटबॉल संघ के ओम प्रकाश और चंचल निषाद का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिए हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय फर्स्ट फाइप जुनियर नेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता भिवानी हरियाणा में भाग लेंगे। ओम प्रकाश के पिता धनीराम यादव किसान हैं। मैनपाट का मूल निवासी है। वह अंबिकुपर में रहकर पढ़ाई करता है और बास्केटबॉल ग्राउंड में नेटबॉल का प्रशिक्षण लेता है। चंचल निषाद पिता महेन्द्र कुमार निषाद स्वामी विवेकानंद स्कूल छात्रा है। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में नेटबाल खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है, सरगुजा जिला में नेटबाल खेल से राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा पहचान बन रहा है।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने राज्य निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर उठाये सवाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत के चुनाव की तिथियां निर्वाचन आयोग के बजाय क्या भाजपा कार्यालय से तय हो रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने यह बयान जारी किया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत, जनपद पंचायत और उप सरपंच के चुनावों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने अबतक तारीखों की घोषणा नहीं कि है। लेकिन आज अखबारों में छपी खबरों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने सरगुजा जिले के सातों जनपद पंचायत के चुनाव के लिए तिथिवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। अखबारों में छपी खबरों में जिला भाजपा की मीडिया विभाग के हवाले से यह खबर छपा है कि सरगुजा जिले में 4 मार्च, 6 मार्च और 10 मार्च को जनपद पंचायत के चुनाव सम्पन्न होंगे। भाजपा मीडिया विभाग के द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 मार्च को अम्बिकापुर, लुंड्रा, बतौली और सीतापुर में जनपद पंचायत के चुनाव होंगे। 6 मार्च को लखनपुर और 10 मार्च को उदयपुर और मैनपाट में जनपद पंचायत के चुनाव होंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा तिथियों की घोषणा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी कार्यक्रम यह संदेह पैदा कर रहा है कि तिथियों का निर्णय भाजपा कार्यालय में हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के सामने अब चुनौती है कि वो अपनी निष्पक्षता साबित करे। यदि भाजपा कार्यालय से जारी तिथियों के अनुरूप जनपद पंचायत चुनाव कार्यक्रम जारी होता है तो पंचायत चुनावों में हुई धांधलियों का हमारा आरोप सही साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी जनपद पंचायत चुनाव के कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा साथ ही उनसे अनुरोध किया जायेगा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शीघ्रता से सम्पन्न कराया जाये।

# अपने मौसेरे भाई के नाम पर फर्जी तरीके से लोन निकालकर धोखधड़ी,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।




अपने मौसेरे भाई के नाम पर फर्जी तरीके से बैंक से लोन निकालने व लोन की राशि न पटाने के मामले में लखनपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सत्यनारायण चौहान अमदला थाना लखनपुर का रहने वाला है। इसका मैसेरा भाई परमात्मा कुमार है जो गांव में ही किराना का दुकान चलाता है। सत्यनारायण को 30 हजार रुपए की आवश्यकता थी। वह अपने मौसेरे भाई को किसी बैंक से लोन दिलाने के लिए बोला था। परमात्मा ने अपने मौसेरे भाई सत्यनाराण का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर भारत फाइनेंस इंडसइंड बैंक शाखा लखनपुर जाकर बैंक कर्मचारी से लोन के लिए बात किया। बैंक कर्मचारी द्वारा ऑन लाईन लोन फार्म भरकर खाता खोलने की जानकारी दी एवं 1 लाख रुपये लोन पास होने की बात बताया। उस दौरान सत्यनारायण का मोबाइल बंद था। इस लिए खाते को अपने मौसेरे भाई का मोबाइल नंबर लिंक करा दिया। इसके बाद परमात्मा ने अपने मौसेरे भाई सत्यनारायण को बताया कि तुम्हारा सिविल खराब होने के कारण लोन स्वीकृत नहीं हो सका। तीन चार माह बाद लोन का किश्त नहीं पटाए जाने पर बैंक के कर्मचारियों ने सत्यनारायण के घर पहुंचकर जानकारी दी। तब उसे शक हुआ कि मेरा मौसेरा भाई परमात्मा ने फर्जीवाड़ा किया है। वह अपने मौसेरे भाई से पूछा तो वह उसके नाम से 1 लाख रुपए लोन निकालने व राशि अपने निजी कार्य में खर्च करने और किश्त न पटाने की बात बताई। इसके बाद भी वह बैंक को लोन का किश्त नहीं पटा रहा था और न ही पैसा वापस कर रहा था। सत्यनारायण ने मामले की रिपोर्ट 26 फरवारी को लखनपुर थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी परमात्मा पिता शिवचरण उम्र 24 वर्ष निवासी अमदला थाना लखनपुर के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक पन्ना लाल, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, चित्रसेन प्रधान सक्रिय रहे।

## 28 फरवरी को क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से एक दिवसीय शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम द्वारा 28 शुक्रवार को सुबह 09:00 बजे से राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय मातृत्व शिशु अस्पताल परिसर में संचालित डीईआईसी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र अम्बिकापुर में क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट (एनजीओ) के सहयोग से एक दिवसीय शिविर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिले में कार्यरत आरबीएसके चिरायु दल द्वारा चिंहांकित 1 से 18 वर्ष के बच्चों का क्लब फुट (पावफिरा) का परीक्षण उपचार एवं प्लास्टर किया जाना है।साथ में पावफिरा (मुड़ा हुआ पैर) गामक विकृति (बैठने, चलने, सिर सम्हालने में देरी), दन्त रोग, दृष्टि दोष, मस्तिक तंत्रीका दोष (सेरिब्रल पालसी झटका लगना), श्रवण दोष (बहरापन, सुनने की कमी), व्यवहार संबंधी विकार-मानसिक मंदता, बोली और भाषा विलंब संज्ञानात्मक विलंब, सीखने में विकार संबंधी दोष, ध्यान की कमी अतिसक्रियता चंचलता दोष, डाउन्स सिंड्रोम (शारीरिक गुणसूत्री विकार) जन्मजात विकृति, हड्डी, मांस पेशी, स्नायु संबंधी दुर्बलता, का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं फालोअप किया जायेगा। पावफिरा (मुडा पैर) के बच्चों का निःशुल्क प्लास्टर किया जायेगा तथा क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के तरफ जूता दिया जायेगा। विशेषज्ञों द्वारा उपचार व सलाह दिया जायेगा।

## मवेशी के हमले में गंभीर ग्रामीण की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मवेशी के हमले में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिनया पैकरा उम्र 82 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीडांड़ का रहने वाला था। वह 25 की शाम को घर के बाहर खड़ा था। तभी एक मवेशी ने उसपर हमला कर दिया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाल के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कीटनाशक सेवन कर महिला ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के एक महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बॉबी पति पुरूसोत्तम उम्र 55 वर्ष बिश्रामपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वह 25 की शाम को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मोबाइल देखने के दौरान युवक हुआ बेहोश,इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौली निवासी एक युवक मोबाइल देखते समय अचानक जमीन पर गिर गया। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार संजय यादव पिता जनेऊ राम उम्र 36 वर्ष धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौली का रहने वाला था। वह 26 फरवरी की शाम करीब 6 बजे घर के आंगन में बैठकर मोबाइल देख रहा था। तभी अचानक वह बेहोश हो गया और जमीन पर लुढ़क गया। परिजन ने देखा तो उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दो गुटों में हिंसक झड़प, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



अंबिकापुर में आज एक चौंकाने वाली घटना घटी, जहां एमजी रोड पर स्थित सेंट्रल स्कूल के सामने छात्रों के दो गुटों के बीच जबरदस्त मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र में हुई। मारपीट में शामिल एक गुट के छात्र आरएमडी एग्रीकल्चर कॉलेज के बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह विवाद पुरानी रंजिश के चलते शुरू हुआ, जो जल्द ही हिंसक रूप में बदल गया। दिनदहाड़े छात्रों ने एक-दूसरे पर लाठियों और मुक्कों से हमला किया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हैरत की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्र बेखौफ होकर खुले में मारपीट करते दिखे।

## रपोलिंग और प्लास्टिक कवर अवैधानिक रूप से क्रय करने के मामले में अमेरा समिति प्रबंधक निलंबित




- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्था जिला सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भंडारण क्रय नियम का उल्लंघन के मामले में तारपोलिंग प्लास्टिक कवर अवैधानिक रूप से क्रय करने के मामले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित अमेरा प्रबंधक जगदीश रजवाडे को निलंबित किया गया है। समिति का प्रभार धान खरीदी हेतु अधिकृत कंप्यूटर ऑपरेटर को सौंपा गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन भंडारण क्रय नियम का पालन किए बिना अवैधानिक रूप से तार पोलिंग प्लास्टिक कवर 12 नग 9500 रुपए प्रति दर से क्रय किया गया है। भंडारण क्रय नियम का उल्लंघन पाए जाने पर उपायुक्त के द्वारा समिति प्रबंधक जगदीश राजवाड़े के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।



# ट्रंप का एलान...चार मार्च से मैक्सिको और कनाडा पर लगेंगे टैरिफ

### चीन पर भी दोगुना कर लगाने की चेतावनी




**वॉशिंगटन,27 फरवरी 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वह अगले मंगलवार से मैक्सिको और कनाडा पर कर (टैरिफ) लगाएंगे, साथ ही चीन से आयात पर मौजूदा 10 फीसदी टैरिफ दोगुना करेंगे। ट्रंप ने गुरुवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि फेंटेनाइल जैसी नशीली दवाओं की अमेरिका में अस्वीकार्य स्तर पर तस्करी की जा रही है और आयात कर अन्य देशकों को तस्करी पर रोक लगाने के लिए मजबूर करेंगे।

ट्रंप ने लिखा, हम इससे अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दे सकते। इसलिए जब तक यह बंद नहीं हो जाता है या गंभीर रूप से सीमित नहीं हो जाता है, प्रस्तावित टैरिफ (जो चार मार्च से लागू होने वाले हैं) तय कार्यक्रम के अनुसार प्रभावी होंगे। उस तारीख पर चीन पर भी उसी दिन 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा।

बढ़ते टैरिफ की संभावना से पहले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। उपभोक्ता आशंका जता रहे हैं कि अगर अमेरिका के दो बड़े व्यापिरक साझेदार कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाए जाते हैं तो महंगाई बढ़ सकती है और ऑटो क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

### ट्रंप प्रशासन के फैसले पर स्वास्थ्य समूहों ने जताई नाराजगी

उधर, कई स्वास्थ्य समूहों और गैर-सरकारी संगठनों ने यूएसएआईडी की फंडिंग में कटौती करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर हैरानी और नाराजगी जताई। इन संगठनों ने कहा कि इस फैसले के बाद कई मानवीय कार्यक्रम बंद हो जाएंगे। एक महीने पहले ट्रंप ने यूएसएआईडी की फंडिंग की 90 दिनों तक समीक्षा करने की घोषणा की थी। यह फैसला उन पहलों को बंद कर देगा जो दुनियाभर में भूख और बीमारी से लड़ने वाले लाखों लोगों के जीवन को बचाते हैं।

दुनियाभर में सहायता कार्यक्रमों पर काम करने वाले अमेरिकी एनजीओ का एक समूह इंटरएक्शन ने कहा, ट्रंप के फैसले से महिलाएं और बच्चे भूखे रहेंगे, गोदामों में रखा भोजन सड़ जाएगा, जबकि कई परिवार भूख से मरेंगे और बच्चे एचआईवी के साथ पैदा होंगे। यह अनावश्यक फैसला अमेरिका को सुरक्षित, मजबूत या अधिक समृद्ध नहीं बनाएगा। इसके बजाय, यह अस्थिरता,प्रवास और निराशा को जन्म देगी।

# ऑस्ट्रिया में नया गठबंधन बनाएगा सरकार, कौन बन सकता है देश का नया चांसलर



**वियना,27 फरवरी 2025।** ऑस्ट्रिया में तीन पार्टियों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने मिलकर एक नई समझौते वाली सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। यह फैसला चुनाव के पांच महीने बाद आया है। जिस चुनाव में दूर-दक्षिणपंथी (कट्टर विचारधारा वाली) पार्टी ने जीत हासिल की थी, लेकिन वह सरकार बनाने में नाकाम रही।

### इन तीन दलों के बीच बनी सहमति

कंजर्वेटिव ऑस्ट्रियन पीपल्स पार्टी, सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स और लिबरल नेओस ने बयान में कहा कि उन्होंने सरकार चलाने के लिए एक कार्यक्रम पर सहमति बना ली है। यह सरकार बनाने में अब तक का सबसे लंबा समय (129 दिन) लगा, जो 1962 के बाद से अब तक का रिकॉर्ड है। वहीं पीपुल्स पार्टी नेता क्रिश्चियन स्टॉकर को नया चांसलर (प्रधानमंत्री) बनने की उम्मीद है। तीनों पार्टियां अपने गठबंधन का पूरा कार्यक्रम गुरुवार को सार्वजनिक करेंगी।

सितंबर 29 के चुनाव में पहली बार फ्रीडम पार्टी (जो प्रवासियों के खिलाफ और यूरोपीय संघ विरोधी है) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लेकिन तीन मुख्यधारा की पार्टियों (पीपुल्स पार्टी, सोशल डेमोक्रेट्स और नेओस) ने इसे सरकार में शामिल न करने का फैसला किया। यह तीसरी बार है जब तीन मुख्यधारा की पार्टियां दक्षिणपंथी, एंटी-इमिग्रेशन और यूरोस्केप्टिक फ्रीडम पार्टी के बिना सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। 29 सितंबर को हुए चुनाव में फ्रीडम पार्टी ने पहली बार सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के बाद सरकार बनाने की कोशिश की थी।

### पहले भी सरकार बनाने किए गए प्रयास

पहली बार इन तीनों पार्टियों ने सरकार बनाने की कोशिश जनवरी में की थी, लेकिन वह विफल रही। इसके बाद, तत्कालीन चांसलर कार्ल नेहमर ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने फ्रीडम पार्टी के नेता हर्बर्ट किकल को सरकार बनाने के लिए कहा था। लेकिन किकल भी पीपुल्स पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाने में असफल रहे। 12 फरवरी को दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर बातचीत तोड़ दी। इसके बाद, मुख्यधारा की तीनों पार्टियों ने फिर से सरकार बनाने पर सहमति बनाई, ताकि नए चुनाव की जरूरत न पड़े, जिससे उनके लिए और मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं।

# उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस भेजे नए सैनिक,दक्षिण कोरिया का बड़ा दावा

**सियोल,27 फरवरी 2025।** एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया ने बड़ा दावा किया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने रूस में अतिरिक्त सैनिक भेजे हैं। रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान कई उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौत के बाद यह कदम उठाया गया है।

दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उत्तर कोरिया ने कितने और नए सैनिक रूस भेजे हैं। एनआईएस ने यह भी कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए थे। इसके बाद रूस ने उत्तर कोरियाई सैनिकों को यहां से हटा लिया था। मगर फरवरी के पहले सप्ताह में यहां सैनिकों को फिर से तैनात कर दिया गया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सात फरवरी को अपने संबोधन में कहा था कि कुर्स्क में यूक्रेन पर हमले बढ़ रहे हैं। यहां उत्तर कोरियाई सैनिक रूसी सेना के साथ लड़ रहे हैं।



### अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार कर रहे दावा

पश्चिमी, दक्षिण कोरियाई और यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने पहले भी कहा था कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना का समर्थन करने के लिए अपने 10,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। यूं तो उत्तर कोरियाई सैनिक बेहद अनुशासित और अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं, लेकिन युद्ध का अनुभव न होने और क्षेत्र की जानकारी न होने वे हमलों के शिकार हो गए हैं।

पिछले महीने दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में करीब 300 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए और 2,700 अन्य घायल हुए। जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मारे गए या घायल उत्तर कोरियाई लोगों की संख्या 4,000 बताई थी। अब दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि जनवरी और फरवरी के बीच कुर्स्क में अतिरिक्त एक से तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को तैनात किया गया था।

### दक्षिण कोरिया को इस बात का है डर

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख का ये भी दावा है कि उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 के बाद से करीब 13 हजार कंटेनर आर्टिलरी, मिसाइलें और अन्य हथियार रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया को आशंका है कि यूक्रेन युद्ध में मदद के बदले रूस उत्तर कोरिया को अहम हथियार और तकनीक दे सकता है। साथ ही उन्हें आशंका है कि रूस, उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को भी मदद दे सकता है। उत्तर कोरिया को रूस से आर्थिक और अन्य सहायता मिलने की भी उम्मीद है।

### ट्रंप कर रहे युद्ध को खत्म कराने की कोशिश

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिश में है। बताया जाता है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग युद्ध समाप्त होने से पहले रूसी सहायता प्राप्त करने के लिए रूस में और अधिक सैनिक भेज सकते हैं।

# लेबनान में इजरायली ड्रोन हमला,दो लोगों की मौत

**बेरूत,27 फरवरी 2025।** लेबनान की पूर्वी पर्वत श्रृंखला के पास जनता के शारा क्षेत्र में इजरायली ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के अल्मा अल-शाब गांव और नकौरा शहर के बीच रोशनी वाली लाइटें भी गिराईं।



इजरायल और लेबनान के बीच 27 नवंबर, 2024 से युद्धविराम समझौता लागू है। इसने गाजा युद्ध के कारण लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई पर रोक लगा दी है। हालांकि इजरायल के रुक रुक कर सैनिक कार्रवाइयां करता रहता है। इस समझौते में लेबनानी क्षेत्र से इजरायली सेना की वापसी की बात कही गई थी, लेकिन 18 फरवरी की समय-सीमा के बावजूद इजरायल ने बॉर्डर पर पांच स्थानों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है।



# मेलबर्न में चाकू से हमला करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**सिडनी ,27 फरवरी 2025।** मेलबर्न के उत्तरी इलाके में तीन युवक पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इस मामले में चार किशोरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को शाम करीब 7:30 बजे ब्रॉडमेडोज़ (जो मध्य मेलबर्न से 15 किमी उत्तर है) के एक इलाके में एक रिटेल स्टोर की पार्किंग में झगड़ा हुआ और चाकू से हमला किया गया।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने 40 और 18 साल के दो लोगों घायल अवस्था में पाया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने घटनास्थल से कुछ किशोरों को भागते हुए देखा। पुलिस की एयर ब्रांच को उस इलाके में भेजा गया, और उन्होंने समूह को एक घर में प्रवेश करते हुए देखा।

जासूसों और महत्वपूर्ण घटना प्रतिक्रिया टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर तीन 19 साल के और एक 18 साल के युवक को गिरफ्तार कर लिया, सभी युवक थे।समूह का पांचवां सदस्य, जो 14 साल का था। वो भी लड़ाई में घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी जान को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने कहा कि वे घटना के बारे में उससे पूछताछ करने की उम्मीद कर रहे हैं।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि झगड़ा तब शुरू हुआ, जब 40 साल और 18 साल के युवक कार पार्किंग में हेडफोन की एक जोड़ी ढूंढने गए, जो शाम को पास के शॉपिंग सेंटर से चोरी हो गई थी।

# जर्मनी की नई सरकार भारत के साथ रिश्ते को देगी प्राथमिकता,जर्मन राजदूत का दावा

**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025।** जर्मनी में हुए आम चुनावों में सीडीयू के नेता फ्रेडरिक मर्ज की जीत का भारत पर होने वाले असर को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इसे लेकर भारत में जर्मन के दूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि नए शासन में भी जर्मनी की विदेश नीति में यूरोपीय एकता, ट्रांसाटलांटिक संबंध और भारत जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ रिश्ते को प्राथमिकता दी जाएगी। भारत के प्रति जर्मनी के रुख में कोई बदलाव नहीं आएगा।

जर्मनी के राजदूत ने कहा कि यह कहना काफी आसान है कि जर्मनी में विदेश नीति आम सहमति पर तय होती है। चाहे विदेश नीति की निरंतरता बनी रहती हैत्र चाहे वह कंजर्वेटिव पार्टी हो या वामपंथी दल की सरकार हो। जर्मनी में आखिरी कंजर्वेटिव चांसलर एंजेला मर्केल थीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध थे। नई सरकार से भी मुझे यही उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति रुख और विश्वास में कोई बदलाव नहीं आएगा। भारत हमारा बहुत महत्वपूर्ण साझेदार है। हो सकता है कि आने वाले महीनों में जर्मन सरकार के सदस्य भारत की यात्रा करें।

एकरमैन ने कहा कि फ्रेडरिक मर्ज कंज़र्वेटिव पार्टी के प्रमुख थे। संभवतः वे नए जर्मन चांसलर होंगे। उन्हें संसद में चुना जाना है। जिसका गठन चुनाव के 30 दिनों के भीतर मार्च के अंत तक होना है। मगर फ्रेडरिक मर्ज अपनी पार्टी के साथ अकेले शासन नहीं कर पाएंगे क्योंकि उन्हें लगभग 30 प्रतिशत वोट मिले हैं, इसलिए उन्हें गठबंधन सहयोगी की आवश्यकता होगी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने से सबको होगी खुशी

रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति को लेकर जर्मन राजदूत ने कहा कि जर्मनी शांति वार्ता में यूक्रेन की भागीदारी की बात करेगा। अगर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त हो जाता है तो दुनिया भर में हर कोई खुश होगा। आप जानते हैं जिस देश पर आक्रमण किया गया था, जिस देश ने बहुत से लोगों की जान गंवाई वह यूक्रेन है। इस मामले में उसे शांति वार्ता में शामिल होना चाहिए। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे यूक्रेन के साथ किसी तरह की निर्धारित शांति हो। हम उम्मीद करते हैं कि किए जा रहे सभी प्रयास इस तथ्य की ओर ले जाएंगे कि यूक्रेन को शांति वार्ता में उचित स्थान मिलेगा।



### ट्रंप की यूरोपीय संघ पर टैरिफ लगाने की धमकी पर भी बोले

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूरोपीय संघ पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने पर जर्मनी के राजदूत ने कहा कि हम इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि जमीनी स्तर पर वास्तव में क्या किया जाता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पिछला कार्यकाल देखा है। जब शब्दों की बात आती है तो वे बहुत मजबूत हैं। उनके पास बहुत मजबूत विचार हैं। लेकिन हमें देखना होगा कि वास्तव में जमीन पर क्या होता है? मुझे पूरा विश्वास है कि, वर्तमान अमेरिकी प्रशासन जो प्रयास कर रहा है, उसमें प्रासंगिक भागीदार शामिल होंगे। यूरोप मूल रूप से एक प्रासंगिक भागीदार है।

एकरमैन ने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि यूरोप ने इसका बोझ उठाया है। यूक्रेन में जो भी पैसा गया है, उसका सबसे बड़ा हिस्सा यूरोप का है, चाहे वह रक्षा उपकरणों के लिए हो या मानवीय सहायता या अन्य सहायता के लिए। इसलिए पिछले तीन वर्षों में यूरोप यूक्रेन का बहुत ही दृढ़ साझेदार रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। इसलिए यूरोप को भी यूक्रेन मामले में अपनी बात रखनी चाहिए।

### यूरोपीय संघ की अध्यक्ष की यात्रा संबंधों की मजबूती का संकेत

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की भारत यात्रा को लेकर राजदूत ने कहा कि यह भारत से मजबूत होते संबंधों का संकेत है। पूरा कॉलेजियम उनके नेतृत्व में भारत आ रहा है। मैंने पहले जीवन में ऐसा कुछ नहीं देखा है। यह एक बहुत ही मजबूत संकेत है कि वह यह बता रही हैं कि यूरोप भारत की ओर देख रहा है। यह संकेत है कि इस अनिश्चित समय में भारत और यूरोप को एक साथ मिलकर काम करना होगा और बेहतर तरीके से काम करने की कोशिश करनी होगी।

### एफटीए खत्म होने पर बोले

बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के समापन पर राजदूत ने कहा कि इस पर प्रगति करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति है। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक एफटीए है। मुझे लगता है कि एफटीए के साथ और अधिक प्रगति करने के लिए एक निश्चित स्तर तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों की राजनीतिक इच्छाशक्ति अहम है। इसलिए मुझे लगता है कि निकट भविष्य में एफटीए के समापन के लिए इस प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और नवीनीकृत करने का यह एक शानदार अवसर है।

# मुकेश तिवारी रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड जेडआरयूसीसी सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त

## सार्वजनिक रेल सेवा के प्रति समर्पण और रेल सुविधा विस्तार में निरंतर योगदान का परिणाम

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश तिवारी को रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड जेडआरयूसीसी सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त किया गया है। उनका नामांकन विशेष हितों कोटि के अंतर्गत आगामी 2 वर्ष की अवधि के लिए सदस्य के रूप में रेलवे मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है जो सार्वजनिक रेल सेवा के प्रति उनके समर्पण और रेल सुविधा विस्तार में उनके निरंतर योगदान को दर्शाता है।क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, उच्च स्तर की एक ऐसी समिति है जो रेल यात्रियों की आवश्यकताओं के मद्देनजर,सेवाओं में सुधार के लिए रेल मंत्रालय को परामर्श देती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने रेलवे बोर्ड के अनुमोदन उपरांत, बीसवीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति जेडआरयूसीसी के सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी किया है, जिसमें सरगुजा संभाग से भाजपा नेता मुकेश तिवारी को सदस्य नियुक्त किया गया है।श्री तिवारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्रियों की समस्याओं को रेल प्रशासन के समक्ष रखेंगे और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सुझाव देंगे।रेल सुविधा विस्तार, समस्याओं और मांगों को लेकर निरंतर सक्रिय रहे मुकेश तिवारी अंबिकापुर- रेणुकूट और अंबिकापुर- कोरबा रेल लाइन को लेकर लंबे समय से प्रयासरत रहे हैं।



सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता मुकेश तिवारी का सार्वजनिक सेवा का मजबूत रिकॉर्ड रहा है। वे नीतिगत बदलाव, सामाजिक न्याय और लोक कल्याण की वकालत करते रहे हैं।नियुक्ति संबंधी आदेश जारी होने के बाद जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद चिंतामणि महाराज का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जेडआरयूसीसी के पिछले दो सालों के अनुभव के आधार पर वह इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए, क्षेत्रीय विकासऔर रेलवे से जुड़ी हर समस्या व सुझावों को उचित स्तर पर अपने माध्यम से रखेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन, भारतीय रेलवे का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और सरगुजा इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। रेलवे से संबंधित समस्याओं के समयबद्ध समाधान का भरसक प्रयास किया जाएगा। कोरबा अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण के साथ,अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म के लिए राशि स्वीकृति और जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति विशेष रूप से क्षेत्रीय मुद्दों, यात्री कल्याण और राजनीतिक पहलू पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारतीय रेल के विकास को बढ़ावा देता है।

मुकेश तिवारी को पुनः सदस्य नियुक्त किए जाने पर रेलवे विभाग के कर्मचारियों के साथ ही विभिन्न जिलों के भाजपा नेताओं,कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के विभिन्न संगठनों व्यापारिक संस्थानों सहित नगर वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।


# दुकानों के आबंटन हेतु शील्ड ऑफर आमंत्रित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के स्वामित्व के गांधी स्टेडियम के समीप पूर्व में संचालित अग्निशमन केन्द्र में भूतल पर बनी दुकानों का आबंटन निर्धारित प्रीमियम तथा मासिक किराये पर किये जाने हेतु शील्ड ऑफर आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक द्वारा 17 मार्च 2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में शील्ड ऑफर भेज सकते हैं। प्राप्त ऑफर 17 मार्च 2025 को उपस्थित ऑफरदाताओं के समक्ष अपरान्ह 04:30 बजे खोले जायेंगे। 13 मार्च 2025 तक ऑफर प्रपत्र का निर्धारित शुल्क भुगतान उपरान्त निगम के राजस्व कार्यालय केदारपुर स्थित प्रशासनिक भवन के राजस्व शाखा से ऑफर प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। ऑफर प्रपत्र के साथ निगम का कोई बकाया नहीं प्रमाण-पत्र एवं जमा अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक, जो आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं बिना अमानत राशि जमा किये तथा निर्धारित तिथि एवं समय अवधि समाप्ति के पश्चात तथा निर्धारित प्रीमियम से कम प्रीमियम राशि का कोई भी ऑफर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। प्राप्त ऑफर को किसी भी स्तर पर स्थगित करने या स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त/महापौर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पास सुरक्षित होगा।

# भाजपा का भ्रमजालः कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य पूरी तरह कांग्रेस के साथःआशीष वर्मा






-संवाददाता-
अंबिकापुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

भाजपा द्वारा कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्यों को अपने कार्यालय में बुलाकर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष वर्मा ने भाजपा पर यह आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस विचारधारा से जुड़े सभी जिला पंचायत सदस्य पूरी तरह कांग्रेस के साथ हैं। श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा के मीडिया विभाग ने अपने कार्यालय में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्यों की एक फोटो जारी कर यह दर्शाने की कोशिश की कि वे भाजपा के समर्थन में हैं। हालांकि,सच्चाई इसके विपरीत है। उन्होंने आज, 27 फरवरी की एक ताजा तस्वीर जारी करते हुए बताया कि सभी कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य पूरी निष्ठा से कांग्रेस के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष में रहकर भी झूठ और छल-कपट की राजनीति कर रही है। कांग्रेस समर्थकों को बदनाम करने के प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ अपने सिद्धांतों पर कायम है और उसके समर्थक किसी भी बहकावे में आने वाले नहीं हैं।




छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025

# निर्वाचन प्रक्रिया एवं प्रथम सम्मिलन की तिथियां घोषित

-संवाददाता-
कोरिया,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव 2025 की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों के पदभार ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन की तैयारियां जोरों पर हैं। पंचायत संचालनालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 27 फरवरी 2025 को ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। ग्राम पंचायतों में प्रथम सम्मिलन एवं उपसरपंच चुनाव राज्य सरकार के निर्देशानुसार, ग्राम पंचायतों का प्रथम विशेष सम्मिलन 3 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें नव-निर्वाचित पंच और सरपंच पदभार ग्रहण करेंगे। इसके बाद, ग्राम पंचायत के उपसरपंच का निर्वाचन 8 मार्च 2025 को किया जाएगा, जिसकी अधिसूचना उसी दिन जारी होगी।

जनपद पंचायत और जिला पंचायत के निर्वाचन से संबंधित अधिसूचना भी 27 फरवरी 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इसके तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च 2025 को होगा और उसी दिन इसकी अधिसूचना जारी होगी। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च 2025 को होगा और उसकी अधिसूचना भी उसी दिन जारी की जाएगी। जनपद पंचायत का प्रथम सम्मिलन 7 मार्च 2025 और जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 10 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम,1993 के प्रावधानों के अनुसार, निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन विधिक प्रक्रिया के तहत करना होगा। पंचायतों के प्रथम सम्मिलन में संबंधित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करें।

# आयुर्विद्या का विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा आयोजन

**छात्रों में बचपन से आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने के लिए की गई पहल,सही जीवन शैली,खानपान तथा रोगों की रोकथाम के संबंध में दी गई जानकारी**







-संवाददाता-
सूरजपुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

आयुष मिशन अन्तर्गत संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशन में आयुष विभाग के राष्टीय कार्यक्रम आयुर्विद्या का जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में बचपन से आयुर्वेद के प्रति जागरूकता का बीज बोना है। गलत जीवन शैली एवं खानपान से उत्पन्न रोगों से बचाव करना है। इसके साथ किसी रोग की स्थिति में विद्यार्थियों की पहचान कर अपने अभिभावकों के साथ पास के आयुर्वेद संस्थाओं या उच्च केन्द्रों में उपचार हेतु भेजना है। विद्यालयों में कक्षा स्तर के अनुसार विभिन्न विषयों पर जागरूकता जैसे स्वच्छता, हस्तप्रक्षालन, दिनचर्या, पोषक आहार, आहार विधि, अच्छा आचरण, ऋतुचर्या, दैनिक जीवन में योग एवं व्यायाम का महत्व, मानसिक स्वास्थ्य, बालिकाओं में माहवारी, रक्ताल्पता, किशोरावस्था सम्बंधी समस्याएं, शारीरिक प्रकृति के विषय में सचेत करना है। इसके साथ आसपास पाये जाने वाले औषधीय, पेड़-पौधे जैसे नीम, ऑवला,जामुन, गिलोय, ऐलोवेरा, तुलसी, हरिद्रा आदि के उपयोग से परिचित कराना है, जिससे बच्चे इसे लगाने के लिए भी प्रेरित हो। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. निकिता टोप्पो द्वारा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतरापाली में आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे 32 विद्यार्थीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 10 विद्यार्थी व्याधिग्रस्त पाए गए। कार्यक्रम में अनिता सिंह, कृष्ण कुमार यादव, योगेश साहू, सरिता सिंह, एम पी डब्लू तुलेश्वर सिंह उपस्थित रहे।

# पाली महोत्सव में बालको की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने परोसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन

-संवाददाता-
कोरबा,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।




पाली महोत्सव में बालको की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा परोसे गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। पारंपरिक स्वाद और स्थानीय व्यंजनों की खुशबू ने महोत्सव में सभी को अपनी ओर आकर्षित किया है। आंगतुकों को स्वाद के साथ अपने पारंपरिक व्यंजन का लुत्फ लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के इस प्रयास ने ना केवल छत्तीसगढ़ी खानपान को बढ़ावा दिया बल्कि अपने आत्मनिर्भरता के सफर को भी मजबूती दी है। इसके अलावा प्रदर्शनी में स्टॉल के माध्यम से बालको के सामुदायिक विकास कार्यों व एल्यूमिनियम उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी के आत्मनिर्भर भारत में एल्यूमिनियम उत्पादन के योगदान के अलावा शिक्षा उन्नयन, युवा स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना विकास संबंधी कई परियोजनाओं की जानकारी दी। महोत्सव में खूबसूरत पारंपरिक थीम के साथ सजाए गए स्टॉल्स मेले में आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयोजन में आए अतिथियों और दर्शकों ने महिलाओं के प्रयास की प्रशंसा की और उनके आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाए गए कदम की सराहना की गई।

# चोरी कर घर मे आग लगाने वाला गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार चोरी व नकबजनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश कुमार ठाकुर व नगर पुलिस अधीक्षक विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन में थाना कुसमुंडा क्षेत्र में चोरी व आगजनी की गंभीर घटना सामने आई थी । अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई करने तथा उचित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। प्रार्थी दिनेश कुमार भारती, निवासी क्वार्टर नंबर रू1194, आदर्शनगर, दिनांक 16 जनवरी 2025 को अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में गया हुआ था । दिनांक 23 फरवरी 2025 की सुबह 8ः00 बजे जब वे अपने चाचा के घर से कुसमुंडा लौट रहे थे, तभी घर की देखभाल के लिए चाबी दिए गए आयुष राजपूत ने फोन पर सूचना दी कि क्वार्टर से धुआं निकल रहा है। जब उसने ताला खोलकर अंदर देखा, तो पाया कि कमरे में आग लगी हुई थी और सामान जल रहा था। उसने तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया और आग पर काबू पाया गया। उपरोक्त घटना की तफ्तीश कर पुलिस ने मामले की तह तक पहुँच आरोपियों को पकड़ा। तब आरोपियों ने बताया के वे चोरी के उदेश्य से घर की पिछ्ली दीवार तोड़कर प्रवेश किया और चोरी के बाद सबूत मिटाने के लिए आग लगा दी, जिससे लगभग ?30,000-?40,000 की क्षति हुई। जिसपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 42/2025, धारा 331, 305, 326(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। पुलिस जांच के दौरान आरोपी संदीप पाटले को गिरफ्तार किया गया,जिसने पुरानी रंजिश के चलते चोरी व आगजनी करना स्वीकार किया है। साथ ही पुलिस ने चोरी किया गया सामान जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक रुपक शर्मा, प्रधान आरक्षक रंजन देवांगन, आरक्षक संजय तिवारी और खगेश्वर साहू की अहम भूमिका रही।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202502020700064**

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्:-2024-25
अम्बिकापुर प.ह.नं.00015
(1789/68(0.0170हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-आवेदक पक्षकार-नूरजहॉं अंसारी, अब्दुल रहमान, अब्दुल सलीम, मो0 मुस्तकीम अंसारी, मेहरून निशा,
अनावेदक पक्षकार-अब्दुल रहमान, अब्दुल सलीम, मो0मुस्तकीम अंसारी,मेहरून निशा, नूरजहॉं अंसारी,

**ईश्तहार**

आवेदक अब्दुल सलीम आ0 स्व0 मो0 युसूफ अुसारी, निवासी मायापुर, मस्जिपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1789/68 रकबा 0.017 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/03/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रसुतत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/02/2025 को जारी किया जाता हैं।

(सील)
तहसीलदार
अंबिकापुर

# "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।




संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर सूरजपुर के दिशा-निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च तक जिले में ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ'' योजना के क्रियान्वयन अंतर्गत लिंग आधारित भ्रूण हत्या को रोकने बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के संबंध में जिला स्तर, सेक्टर स्तर, परियोजना स्तर एवं सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में योजना के उद्देश्यों के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। योजना अंतर्गत स्थानीय प्रशासन, विद्यालयों, विभिन्न महिला एव सामुदायिक समूहों सहित सभी संबंधित हितधारकों को सम्मिलित करने हेतु गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। ग्लोबल पब्लिक स्कुल सूरजपुर में छात्र-छात्राओं को महिलाओं को शसक्त बनाये जाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, बाल अपराध, भ्रुण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध, दहेज प्रथा, बालिकाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध के साथ-साथ मासिक धर्म स्वच्छता आदि महिलाओं से जुड़े विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। बच्चों को नशे से दूर रहने, मोबाईल से दूरी बनाये रखने के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता, लैंगिक समानता पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित की गईं। इस अवसर पर महिला संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टाप सेंटर, स्वास्थ्य विभाग, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0.........

**ईश्तहार**

आगामी तिथि 7/03/25

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार साहू आ0 शिवनन्दन साहू, उम्र लगभग 52 वर्ष, जाति तेली, निवासी सेंट्रल बैंक गली सूरजपुर पा0 व थाना सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि अनावेदक/दानकर्ता के नाम से सूरजपुर रा0नि0मं0 नजूल सूरजपुर के नगर पालिका वार्ड नम्बर 06 में प्लाट नम्बर 1878/1 रकबा 1742 में से 510 वर्गफीट
,प्लाट नम्बर 1922/1 रकबा 7295 में से 2931 वर्गफीट एवं प्लाट नम्बर 1923 रकबा 4791 में से 2720 वर्गफीट कुल 03 प्लाट योग रकबा 13828 वर्गफीट में से 6161 वर्गफीट स्थित है। जिसे आवेदक/दानग्रहीता के पक्ष में पंजीबद्ध दान पत्र दिनांक 21/01/2025 के माध्यम से आवेदक/दानग्रहीता को दान कर दिया गया है। उक्त भूमि का नामांतरण आवेदक/दानग्रहीता के पक्ष में किए जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 7/3/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील)
नजूल अधिकारी
,सूरजपुर

# सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ











-शमरोज खान-
सूरजपुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि कार्यक्रम अंतर्गत दवा सेवन का शुभारंभ आज कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डी एस बघेल द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर एवम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विद्यार्थियों के साथ फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए स्वयं दवा सेवन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 27 फरवरी से लेकर 13 मार्च तक जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न गतिविधियों के द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा। इस कार्यक्रम अंतर्गत 27 फरवरी से 2 मार्च तक बूथ लगाकर आंगनवाड़ी,स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों में दवा सेवन करवाया जाएगा । 3 मार्च से 10 मार्च तक सामुदाय स्तर पर घर-घर भ्रमण कर दवा सेवन कराया जाएगा । 11 मार्च से 13 मार्च तक मॉप अप राउंड के तहत छूटे हुए जनसंख्या को दवा सेवन कराया जाएगा । इसके अलावा 27 फरवरी से 13 मार्च तक मेडिकल कॉलेज,जिला चिकित्सालय,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य निजी चिकित्सालय में ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 वर्ष से छोटे बच्चों गर्भवती माता एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव पैकरा,डॉ. प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीप कुमार, व्ही.बी.डी. सलाहकार श्री विवेक सदन नाविक,डी.एम.सी. श्री धीरज कुमार सिंह तथा पी.एच.सी. प्रभारी मीना सोनी, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाईजर श्री सी.के. माहेश्वरी, ज्वाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य श्री जॉली टॉमी एवं शिक्षक, छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।


## मनेंद्रगढ़ को मिली वनमण्डल की सौगात


### नवीन वनमण्डल में होंगे तीन उप वनमंडल

### कोरिया वनमण्डल का हुआ पुनर्गठन,राजपत्र में प्रकाशन

-संवाददाता-
कोरिया,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से सरगुजा संभाग के नवगठित जिले मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को एक और बड़ी सौगात मिली है। अब मनेंद्रगढ़ का अपना खुद का वनमण्डल होगा और इस संबंध में राजपत्र में प्रकाशन भी कर दिया गया है। जिला बनने के बाद लंबे समय से मनेंद्रगढ़ को वनमण्डल बनाने की मांग उठ रही थी। क्षेत्र के स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लोगों की इस मांग को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सामने रखा था। इस प्रस्ताव पर आखिरकार मुहर लगी है और कोरिया वन मंडल का पुनर्गठन करते हुए मनेंद्रगढ़ वनमण्डल का गठन किया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नवीन वनमण्डल मनेंद्रगढ़ में तीन उप वनमण्डल होंगे। इसका कुल क्षेत्रफल 2361.35 वर्ग किमी होगा। उप वनमण्डल में मनेंद्रगढ़ उप वनमण्डल 878.89 वर्ग किमी, केल्हारी उप वनमण्डल 664.12 वर्ग किमी तथा जनकपुर उप वनमंडल 818.33 वर्ग किमी का होगा।







## फाईलेरिया मुक्ति अभियान का हुआ शुभारंभ

### जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना






-संवाददाता-
अम्बिकापुर 27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाईलेरिया (हाथीपांव) संक्रमण से बचाव हेतु जिले में 27 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी एस मार्को , सिविल सर्जन डॉ जे के रेलवानी डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता डीटीओ डॉ. राजेश गुप्ता (डीएमओ) डॉ. वाई, किण्डों डीएलओ तथा डब्लुएचओ के जोनल समन्वयक डॉ. स्नेहा श्री ने दवा सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 27 फरवरी से 02 मार्च 2025 तक स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में बूथ लगाकर एवं 03 मार्च से 10 मार्च 2025 तक घर-घर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी। छुटे हुये पात्र व्यक्तियों को 11 मार्च से 13 मार्च 2025 तक पुनः दवा का सेवन कराया जाएगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में दूध लगाकर दवा का सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने शहरी क्षेत्र के हायर सेकण्डरी स्कूल केदारपुर एवं भगवानपुर में बच्चों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी को फाईलेरिया मुक्ति हेतु दवा सेवन करने की अपील की है।

## पदीय गरिमा के विपरीत कार्य करने पर शिक्षक निलंबित

-संवाददाता-
बलरामपुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वाड्रफनगर में आयोजित विदाई समारोह में संस्था के शिक्षक (एल.बी.) श्री संतोष कुमार साहू के द्वारा विदाई समारोह में छात्राओं के साथ अश्लील गानों पर डांस (नृत्य) करने संबंधी खबर मीडिया में वायरल हुई थी। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया। शिक्षक (एल.बी.) श्री संतोष कुमार साहू का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग के द्वारा शिक्षक (एल.बी.) श्री संतोष कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## कार्य में लापरवही बरतने पर प्रभारी अधीक्षिका निलंबित

-संवाददाता-
बलरामपुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर राजपुर की प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती जेरमिना कुजूर (प्रधान पाठक) को पदीय दायित्व के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। आश्रम/छात्रावासों में निवासरत छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा शारीरिक विकास के देखरेख एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने की जिम्मेदारी अधीक्षिका की होती है, परन्तु पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर राजपुर की प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती जेरमिना कुजूर (प्रधान पाठक) के द्वारा कक्षा 10वीं में अध्ययनरत व छात्रावास निवासरत छात्रा का देखरेख व संरक्षण उचित प्रकार से नहीं किया गया। जिसके कारण उक्त छात्रा का प्रेम संबंध स्थापित हो गया, जिससे छात्रा गर्भवती हो गई। प्रभारी अधीक्षिका कुजूर द्वारा अपने पदीय दायित्वों को सम्यक रूप से पालन नहीं किया गया, जो अधीक्षिकीय पदीय दायित्व के निर्वहन में प्रभारी अधीक्षिका के घोर लापरवाही को दर्शाता है। श्रीमती कुजूर का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम 9 (1) (क) में वर्णित प्रावधानों के तहत निलंबित किया गया है। श्रीमती कुजूर का निलंबन अवधि में मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रामचन्द्रपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती जेरमिना कुजूर, को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## तकनीकी सहायक के 02 रिक्त पद हेतु कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 12 मार्च को

-संवाददाता-
सुरजपुर,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत तकनीकी सहायक के 02 रिक्त पद क्रमशः अनारक्षित (मुक्त) एवं अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के संबंध में पात्र/अपात्र सूची जारी कर 09 जनवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। पात्र/अपात्र की संशोधित सूची के विरूद्ध कार्यालय को निर्धारित तिथि के भीतर प्राप्त समस्त दावा आपत्तियों का चयन समिति द्वारा सम्यक रूपेण निराकरण किया गया है। निराकरण उपरान्त निराकरण सूची/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तथा पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गई है। आवेदक उक्त समस्त सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट तथा जिला पंचायत सूरजपुर के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं।

## चिरमिरी नगर निगम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 फीडबैक के लिए स्वच्छता अधिकारी ने स्वच्छता सुपरवाईजरों की ली बैठक





-संवाददाता-
एमसीबी,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार, नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय व आयुक्त रामप्रसाद आचला के मार्गदर्शन में मंगलवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी के सभागार में स्वच्छता अधिकारी उमेश तिवारी ने स्वच्छता सुपरवाईजरों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 ओडीएफ प्लस-प्लस के तहत नगर के नागरिकों का फिडबैक अधिक से अधिक कराये जाने हेतु एक बैठक ली गई।स्वच्छता अधिकारी के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण फिडबैक सभी नागरिको का कराया जाना आवश्यक होगा। इसके लिए सभी स्वच्छता सुपरवाईजरो को फिडबैक के साथ स्वच्छता डोर टू डोर, तालाब, नाले की साफ-सफाई, सभी सुपरवाईजरों के द्वारा लॉकबुक समय सीमा के भीतर पूरा करके देने, आवश्यक दस्तावेज एवं पब्लिक से फिडबैक अधिक से अधिक लेने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उक्त बैठक में जिला समन्वयक पीआईयु प्रवीण सिंह, स्वच्छता निरीक्षक रामगोपाल मलिक एवं संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता सुपरवाईजर मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की गणना पर्ची में त्रुटि सुधार को लेकर स्पष्टीकरण जारी

-संवाददाता-
एमसीबी,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में श्री टुकेश्वर पटेल, शिक्षक (मा.शा.सेजेस चिरमिरी) पीठासीन अधिकारी, श्री सुनील कुमार यादव, शिक्षक (मा.शा. डोमनहिल) मतदान अधिकारी क्रमांक 01, श्री अजय यादव, शिक्षक (मा.शा. गेल्हापानी) मतदान अधिकारी क्रमांक 02 तथा श्री अरविंद्र कुमार सिंह, आर.एच.ओ. (पुरुष), चिकित्सा अधिकारी (खड़गवां) मतदान अधिकारी क्रमांक 03 के रूप में नियुक्त थे। इनकी ड्यूटी मतदान केंद्र क्रमांक 137, प्राथमिक शाला ओहनिया में लगाई गई थी। इन अधिकारियों द्वारा तैयार मतगणना पर्ची (परिशिष्ट 28) में त्रुटिवश प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह द्वारा प्राप्त 17 मत जयकरण सिंह के स्थान पर अंकित हो गए, जबकि जयकरण सिंह द्वारा प्राप्त 62 मत जगत बहादुर सिंह के नाम दर्ज हो गए। अभ्यर्थियों को यह गणना पर्ची दी जा चुकी थी, जिनके द्वारा इसे रफ टाइप की पर्ची बताया गया। अभ्यर्थियों ने कहा कि यह पर्ची स्वीकार है और केवल संबंधित स्थान पर से चिन्हांकित कर दिया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें अन्य केंद्रों से भी गणना पर्ची लेनी है। मतदान दलों द्वारा इस संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत), भरतपुर को जमा किया गया।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष की मेहनत से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के प्रत्याशी को मिली जीत





-संवाददाता-
कोरिया,27 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कोरिया जिले का मध्य क्षेत्र क्रमांक 5 जहां से पूर्व विधायक की पुत्री भाजपा समर्थित प्रत्याशी थी जा मुकाबला पूर्व विधायक के प्रतिनिधि के पती से था जहां जीत दर्ज करना काफी महत्वपूर्ण था इसे लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल के द्वारा पूरे क्षेत्र में काफी मेहनत की गई उसे मेहनत का परिणाम यह था कि प्रत्याशी को 1250 मतों से जीत दर्ज की, जिसे जीत दिलाने के लिए पूर्व मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 भाजपा के समर्थित प्रत्याशी श्रीमती गीता राजवाड़े के साथ पूरे क्षेत्र का दौरा किया और मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा।

क्षेत्र में कुल पोलिंग बूथ 37 भाजपा संगठन के द्वारा 6 सेक्टर बनाया गया। संगठन के द्वारा कपिल जायसवाल को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 का समन्वयक बनाया गया। कपिल जायसवाल ने पूरे चुनाव में पूरी ताकत लगा कर समीकरण एवं रणनीति बनाकर काम किए। छेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को साथ लेकर चुनाव में काम किए विधायक भैयालाल राजवाड़े भी पार्टी के द्वारा इस क्षेत्र में जहां-जहां उनका कार्यक्रम बनाया अपनी बेटी के लिए चुनाव प्रचार किए। कपिल जायसवाल ने सभी बूथ में पार्टी संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं को संगठित कर उनकी बैठक मीटिंग कर चुनाव प्रचार-प्रसार में लगाया। पार्टी संगठन के निर्देश पर कपिल जायसवाल ने रात दिन मेहनत कर गीता राजवाड़े के पक्ष में क्षेत्र में माहौल तैयार करने रणनीति बनाने से लेकर पार्टी के नाराज लोगों को भी मनाकर चुनाव प्रचार में लगाने का कार्य किए। कपिल जायसवाल का गीता राजवाड़े को चुनाव जिताने में काफी अहम भूमिका रही है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में किससे होगा टीम इंडिया का मुकाबला

### » टीमों को लेकर पेचीदा हो गए हैं समीकरण




**नई दिल्ली,27 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल मिलाकर आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। आईसीसी ने इसके लिए दो ग्रूप बनाए हैं। चार चार टीमों को अलग अलग ग्रूप में बांटा गया है। अपने ग्रुप में टॉप पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रूप ए की तस्वीर तो साफ हो चुकी है। लेकिन दूसरे यानी ग्रूप बी का मामला फंसा हुआ है। उम्मीद है कि आखिरी लीग मैच के बाद ही पता चलेगा कि सेमीफाइनल में जाने वाली दो टीमें कौन सी होंगी। साथ ही तभी ये भी पता चलेगा कि भारत का मुकाबला सेमीफाइनल में किस टीम से होगा।

### पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंग्लैंड का चैंपियंस ट्रॉफी में सफर समाप्त

ग्रूप ए की बात पहले करते हैं। इससे भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए अपनी सीट पक्की कर ली है। दोनों टीमों ने अपने दो दो मैच जीत लिए हैं। हालांकि सेमीफाइनल से पहले भारत और न्यूजीलैंड की टीमें लीग मैच में एक दूसरे के सामने होंगी। इस मैच का महत्व केवल इसलिए है कि इसी मैच से पता चलेगा कि ग्रुप ए की नंबर वन टीम कौन सी है। इस बीच अगर बात दूसरे यानी बी ग्रुप की बात करें तो इसमें से केवल इंग्लैंड ही ऐसी टीम है, जो सेमीफाइनल की रेस से बाहर हुई है, बाकी तीन टीमें अपने अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं।

### ग्रूप बी से सेमीफाइनल को लेकर अभी तक फंसा है पेंच

ग्रूप बी में अब ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रेस चल रही है। फिलहाल की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के तीन तीन अंक हैं, वहीं अफगानिस्तान के पास एक मैच जीतने के बाद दो अंक हो गए हैं। अब इस ग्रूप से सेमीफाइनल के समीकरण क्या बन रहे हैं, इसे समझने की कोशिश करते हैं। अफगानिस्तान का आखिरी लीग मैच शुक्रवार को लाहौर में होगा, जब उसे ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना होगा। वहीं साउथ अफ्रीका की टीम शनिवार को अपना आखिरी लीग मैच इंग्लैंड से खेलेगी, ये मैच कराची में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने मैच में अगर अफगानिस्तान को हरा देती है तो फिर उसकी सेमीफाइनल की सीट पक्की हो जाएगी, क्योंकि उसके अंक बढ़कर सीधे 5 हो जाएंगे।

### लीग चरण के आखिरी दिन ही तय होगी सेमीफाइनल की लिस्ट

अब सेमीफाइनल में भारत के सामने कौन सी टीम हो सकती है, इसे समझने की कोशिश करते हैं। ग्रूप ए में भारत और न्यूजीलैंड का मैच ये तय करेगा कि उस ग्रूप की टॉप टीम कौन सी है। ये हम आपको पहले ही बता चुके हैं। इस ग्रूप का एक और मैच है, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। हालांकि इस मैच का कोई महत्व ही नहीं बचा है। भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच के बाद ही तय होगा कि भारत का मुकाबला सामने वाले ग्रूप की किस टीम से होगा। जो 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। भारत को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान में से कोई भी टीम मिल सकती है। इसकी तस्वीर आने वाले मैचों के बाद ही तय होगी।

लेकिन अगर अफगानिस्तान की टीम इस मैच को जीत जाती है तो उसके चार अंक हो जाएंगे और ऑस्ट्रेलिया तीन ही अंक पर रुक जाएगी। यानी अफगानिस्तान की टीम सीधे तौर पर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। अब जब साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच मुकाबला होगा तो इस मैच में अगर साउथ अफ्रीका की टीम जीत दर्ज करती है तो वो भी सेमीफाइनल में चली जाएगी और ऑस्ट्रेलिया का खेल खत्म हो जाएगा। लेकिन अगर इस मैच को इंग्लैंड की टीम जीत जाती है तो फिर सेमीफाइनलिस्ट का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।

## रिटायरमेंट की खबरों पर फखर जमान ने तोड़ी चुप्पी



### वापसी को लेकर भी किया बड़ा खुलासा

**मुलतान,27 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान का अभियान अब तक किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। इसके पीछे सबसे बे ी वजह है उनके स्टार प्लेयर्स का चोटिल होना। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उनके धाके सलामी बल्लेबाज सैम अय्यूब चोटिल हुए थे। वहीं टूर्नामेंट के पहले ही मैच में फखर जमां को भी चोट लग गई और वो पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए। जब से फखर को चोट लगी है, तब से उनको लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसा भी कहा जा रहा था कई वो अब जल्द ही संन्यास ले लेंगे।

### संन्यास की खबरों पर फखर ने तोड़ी चुप्पी

इसी बीच अब फखर ने अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तो ी है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की माने तो फखर जमां ने पीसीबी डिजिटल से बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी संन्यास की अफवाहों के बारे में बहुत कुछ सुना है और उनके दोस्तों ने भी इसके बारे में उन्हें कई मैसेज भेजे हैं, लेकिन इसमें कुछ भी सच नहीं है। वनडे फॉर्मेट उनका पसंदीदा फॉर्मेट है। हां, उन्हें थायरॉयड के कारण, मैदान पर वापस आने में थोड़ा अधिक समय लग सकता है। लेकिन वो टी-20, वनडे और यहां तक कि टेस्ट भी फिर से खेलना चाहते हैं। जहां तक उनकी वापसी का सवाल है, उन्होंने डॉक्टर से बात की है और वो एक महीने के अंदर फिर से क्रिकेट खेलना शुरू कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खेल खबर

### स्टार्क ने कहा,चैंपियन्स ट्रॉफी से बाहर रहने के पीछे टखने का दर्द मुख्य कारण

**करांची,27 फरवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियन्स ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने 'विलो टॉक पॉडकास्ट' पर कहा, ''कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं।'' उन्होंने कहा, ''टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है। बेशक (विश्व) टेस्ट (चैंपियनशिप) फाइनल होने वाला है और उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा है। कुछ आईपीएल क्रिकेट भी है।''स्टार्क ने कहा, ''लेकिन मेरे दिमाग में सबसे ऊपर फाइनल टेस्ट है। अपने शरीर को ठीक करूंगा, अगले कुछ महीनों में कुछ क्रिकेट खेलूंगा और फिर (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए तैयार हो जाऊंगा।''

### एंड्रिक के गोल से रियल मैड्रिड ने रियल सोसिएदाद को 1-0 से हराया

**लंदन,27 फरवरी 2025।** एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच पहले चरण के सेमीफाइनल में



रोमांचक मुकाबले के बाद, रियल मैड्रिड ने अब रियल सोसिएदाद के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में बढ़त हासिल कर ली है। रियल मैड्रिड ने युवा स्टार एंड्रिक की बदौलत सिर्फ एक गोल किया और अब फाइनल में जगह बना ली है, जबकि दूसरा चरण खेला जाना बाकी है। दूसरे चरण के दोनों मैच अप्रैल में खेले जाने हैं, जिसमें बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड 4-4 के कुल स्कोर के साथ दूसरे चरण के मैच में उतरेंगे। दूसरी ओर रियल मैड्रिड रियल सोसिएदाद पर 1-0 की बढ़त के साथ उतरेगा।

## कुलदीप ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता लायी

**दुबई,27 फरवरी 2025।** कुलदीप यादव की बाएं हाथ की कलाई की स्पिन की कला सूक्ष्म है। यह शेन वॉर्न या अब्दुल कादिर की दुनिया की तरह आकर्षक नहीं है। उनका जादू सादगी और साहस की परतों में छिपा हुआ है। पिछले रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच को याद करें तो यह धारणा सही साबित होगी। पाकिस्तान की पारी में अभी भी कुछ जान थी और आठ ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 200 रन थे और फॉर्म में चल रहे सलमान आगा खुशदिल शाह के साथ क्रीज पर थे। कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप को मौका दिया। तुरंत आगा को रन बनाने का मौका मिला लेकिन कुलदीप की स्टॉक डिलीवरी पर उनकी चाल रवींद्र जडेजा के हाथों में चली गई। अगली ही गेंद पर कुलदीप ने तेज गेंद फेंकी और शाहीन शाह अफरीदी को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया और पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 200 रन हो गया। यह विविधता और बल्लेबाजों का त्वरित आकलन ही है जो कुलदीप को मैच के किसी भी चरण में, यहां तक कि अंतिम 10 ओवरों में भी असली खतरा बनाता है।





चोट से उबरने के बाद से कुछ कोमलता हो सकती है। लेकिन उन्होंने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके डिलीवरी आर्म के पीछे हिप पिवट और बॉडी वेट सही मात्रा में है, और इसने उन्हें सटीक बनाए रखा है, जो कलाई के स्पिनर के लिए बहुत दुर्लभ है,÷ एक पूर्व भारतीय स्पिनर ने पीटीआई को बताया।

0-45 ओवर के चरण में लिए गए विकेटों के मामले में, ये संख्या उन्हें साथी कलाई के स्पिनरों राशिद खान (36) और एडम ज़म्पा (29) से पीछे रखती है, जबकि इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (25) के बराबर है। कुलदीप ने कहा कि उन्हें डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने की चुनौती पसंद है, एक ऐसा कार्य जिसमें रेंज-हिटिंग के इस युग में समान रूप से साहस और विविधता की आवश्यकता होती है। मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने में पहली पसंद बनने में सक्षम था। यहां तक कि कप्तान को भी लगा कि जब आपके पास विविधता होती है तो स्पिनरों को मारना बहुत मुश्किल होता है। विकेट (दुबई में) धीमा था, और यह मेरे लिए अच्छा था। मैं गति और गलत या टॉप-स्पिन के साथ मिश्रण करने की कोशिश कर रहा था, ÷उन्होंने कहा। फिर उन्होंने 43 वें ओवर में लगातार गेंदों पर आगा और अफरीदी को आउट करते हुए अपने तौर-तरीकों की बारीकियों में प्रवेश किया।

## आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में शामिल होंगे

**मेलबर्न,27 फरवरी 2025।** पूर्व टेस्ट बल्लेबाज डेविड बून को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) बोर्ड में नियुक्त किया गया है। वे पॉल ग्रीन द्वारा खाली



किए गए पद को भरेंगे, जिन्होंने क्रिकेट तस्मानिया के प्रतिनिधि के रूप में छह साल बाद पद छोड़ दिया था। बून, जो वर्तमान में आईसीसी मैच रेफरी हैं, 28 मार्च को सीए बोर्ड में शामिल होने के लिए पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करेंगे।

## अफगानिस्तान को अब कभी भी हल्के में नहीं लिया जाएगा

**लाहौर,27 फरवरी 2025।** हेड कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा है कि उनकी टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड को हराकर यादगार जीत दर्ज की है, जिसके बाद अफगानिस्तान को कोई भी टीम हल्के में नहीं लेगी। इब्राहिम जादरान की शानदार 177 रन की पारी और तेज गेंदबाज




अजमतुल्लाह उमरजई के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ आठ रन से रोमांचक जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अगले मैच को लेकर ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान की टीम हाल ही में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करेगी। जब से मैं कोच बना हूँ, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन बार खेला है और हम हर मैच में खेल रहे हैं। इसलिए, हमें इससे बहुत आत्मविश्वास लेना चाहिए।

और मुझे लगता है कि निश्चित रूप से विश्व कप, टी20 विश्व कप में जो हुआ, और मैं खिलाड़ियों से भी यही कहता हूँ, कि अफ़गानिस्तान को फिर कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा,÷ ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा। ÷मुझे लगता है कि हम जो भी खेल खेलेंगे, वह प्रतिस्पर्धी होगा और हम जिस भी खेल में उतरेंगे, मुझे जीत की उम्मीद है, अंग्रेज़ ने कहा। अफ़गानिस्तान द्वारा स्थापित टेस्ट देशों के खिलाफ़ जीत को अब उलटफेर के रूप में नहीं देखा जाता है और विश्व मंच पर हाल के प्रदर्शनों का मतलब है कि वे रडार के नीचे उड़ने का जोखिम नहीं उठा सकते।

ऑस्ट्रेलिया हमें हल्के में नहीं लेने वाला है, ट्रॉट ने कहा। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अतीत में, शायद लोगों ने मैच देखा होगा और सोचा होगा कि यह ऐतिहासिक टेस्ट राष्ट्र के साथ खेलने से थोड़ा आसान था। लेकिन इस प्रारूप में, इन परिस्थितियों में, मुझे ऐसा नहीं लगता। दो मैचों में दो अंक के साथ, अफगानिस्तान अभी भी सेमीफाइनल की दौड़ में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से उनके चार अंक हो जाएंगे, जो उन्हें शीर्ष दो में पहुंचा देगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया के तीन अंक हैं। अफगानिस्तान की हार का मतलब होगा कि वे प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड पर रोमांचक जीत के बाद ट्रॉट ने मीडिया से कहा, मैं यह सुनिश्चित करने जा रहा हूं कि जब वे कल जागें, तो वे आज रात का आनंद लें, (लेकिन) कल ऑस्ट्रेलिया के लिए तैयार होकर उठें। कल जैसे ही वे जागेंगे, उनका ध्यान ऑस्ट्रेलिया पर होगा।



## लिवरपूल ने न्यूकैसल को हराकर टॉप पर 13 अंक की बढ़त बनाई

**लिवरपूल,27 फरवरी 2025।** लिवरपूल ने बुधवार रात एंफील्ड में न्यूकैसल यूनाइटेड को 2-0 से हराकर प्रीमियर लीग में अपनी बढ़त 13 अंकों तक बढ़ा ली। डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के गोल ने लिवरपूल को यह जीत दिलाई, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रॉ खेलने के कारण और पिछड़ गया। बारिश के बावजूद लिवरपूल ने शानदार खेल दिखाया और जल्दी ही बढ़त बना ली। टीम के लिए इस सीजन का 100वां गोल स्ज़ोबोस्ज़लाई ने किया, जो उनका सातवां गोल था। मैच में दोनों टीमों ने तेज प्रसास किया और यह आक्रामक खेल के साथ जारी रहा। लिवरपूल की रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान सिमिकास ने पेनल्टी क्षेत्र के अंदर दाहिने पैर से जोरदार शॉट मारा, जो गोल के ऊपर से चला गया। जबकि न्यूकैसल के कालम विल्सन को गोल करने का बेहतरीन मौका मिला, लेकिन वह गेंद को सही दिशा में नहीं मार सके। हाफ टाइम से पहले लिवरपूल के लिए सोबोस्लाई और मोहम्मद सालाह ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में चोटों के कारण खेल कई बार रुका, लेकिन लिवरपूल ने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। मैक एलिस्टर ने न्यूकैसल के डिफेंस से गेंद छीनी और कुछ पास खेलने के बाद 63वें मिनट में शानदार शॉट लगाकर गोल कर दिया।

## मेघा भगत का एशियन बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में रहा शानदार प्रदर्शन




**रायपुर,27 फरवरी 2025।** रायगढ़ की मेघा भगत का एशियन बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन रहा। मंत्री ओपी ने एक्स में कहा, रायगढ़,घरघोड़ा की मेघा भगत ने एशियन बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दुबई में आयोजित प्रतियोगिता में ईरान, दुबई, मालदीव के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए उन्होंने तिरंगा लहराया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें खूब बधाई।

## देव जोशी ने लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड आरती संग रचाई शादी

बालवीर फेम देव जोशी ने अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड आरती के साथ ऑफिशियल तौर पर शादी कर ली है। 25 फरवरी को नेपाल में आयोजित एक ग्रैंड सेलिब्रेशन में दोनों ने सात फेरे लिए। देव ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जिंदगी का ये खुशनुमा पल शेयर किया। जिस पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। तस्वीर शेयर करते हुए देव ने लिखा,अहं त्वदस्मि मदसि त्वम् में तुझसे और तू



मुझसे, 25-02-25 तारीख जो हमेशा याद रखी जाएगी। देव और आरती ने नेपाल में शादी के बंधन में बंधे, दुल्हन बनी आरती रेड और सुनहरे रंग के पारंपरिक लहंगे काफी अट्रैक्टिव लग रही हैं वहीं देव ने आइवरी बेज कलर के ट्रेडिशनल वियर में हैंडसम लग रहे हैं। तस्वीरों में कपल बहुत खुश दिख रहे हैं जिन पर फैंस कमेंट सेक्शन में उन्हें शादी की बधाई दे रहे हैं। देव ने शादी से पहले के अन्य फेस्टिविटी की झलक शेयर की, जिसमें हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें भी शामिल हैं। इसके साथ लगनियौ और एक स्पेशल मूमेट जहां दुल्हन का भाई और परिवार दूल्हे का स्वागत करते हैं, की झलक भी शेयर की गई. टीवी सीरीयल बालवीर में लीड रोल निभाकर घर-घर फेमस हुए देव जोशी टेलीविजन इंडस्ट्री में एक जाना माना चेहरा है। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर बहुत कम उम्र में शुरू किया था। उन्होंने इस फिक्शनल सीरीज में सुपरहीरो की भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। टेलीविजन से परे, देव ने डिजिटल दुनिया में भी कदम रखा है जहां अन्य प्लेटफार्मों पर वे दर्शकों का मनोरंजन करते हैं।



## पसंदीदा क्रिकेटर के बारे में पूछने पर शर्माती दिखी माहिरा शर्मा

कुछ हफ्ते पहले ऐसी खबरें आई थीं कि बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट माहिरा शर्मा क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को डेट कर रही हैं। न तो एक्ट्रेस और न ही क्रिकेटर ने इन खबरों की पुष्टि की और न ही खंडन किया। हालांकि, टाइम्स नाउ से बात करते हुए माहिरा की मां ने कहा था, आप क्या कह रहे हैं? लोग कुछ भी कह देते हैं। अब जब मेरी बेटी एक सेलिब्रिटी है, तो लोग उसका नाम किसी से भी जोड़ देंगे, तो क्या हमें उन पर विश्वास करना चाहिए? उन्होंने इन खबरों को पूरी तरह से झूठ बताया था. अब, आज माहिरा को शहर में क्लिक किया गया और उन्होंने खुशी-खुशी पैपराज़ी के लिए पोज़ दिया. पैपराज़ी ने उनसे पूछा, कौन सा क्रिकेटर है आपका फेवरेट? जिस पर माहिरा शरमा गईं और कहा, पूरी इंडियन क्रिकेट टीम. बाद में पैपराज़ी चिल्लाने लगे, सिराज सिराज, लेकिन एक्ट्रेस ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और अंदर चली गईं. नेटिज़ेंस ने देखा कि एक्ट्रेस शरमा गईं। एक नेटीजन ने कमेंट किया, शर्मा को दिखाई है तकी या शक हो या फेम मिले। एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, शर्मा गई सिराज का नाम सुन कर। एक अन्य नेटिज़न ने टिप्पणी की, अहम् प्यारी समझ गई।

## अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली की टीजर रिलीज डेट आउट

अजित कुमार की आने वाली फिल्म गुड बैड अग्ली का बहुप्रतीक्षित टीजऱ प्रशंसकों के बीच उत्साह पैदा करते हुए रिलीज़ होने के लिए तैयार है। हाल ही में 28 फरवरी को त्रिशा के लुक और किरदार का नाम सामने आया था। यह घोषणा फिल्म के निर्माताओं द्वारा एक प्रोमो वीडियो जारी करने के बाद आई है जिसमें फिल्म की मुख्य महिला कलाकार के बारे में बताया गया है जिससे फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। गुड बैड अग्ली निर्देशक आदिक रविचंद्रन के साथ अजित कुमार की पहली फिल्म है और यह साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गुड बैड अग्ली में अर्जुन दास शाइन, टॉम चाको, केजीएफ फेम बीएस अविनाश, प्रभु प्रसन्ना, राहुल देव, योगी बाबू और सुनील जैसे प्रभावशाली कलाकार हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स के नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर ने किया है इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, गुड बैड अग्ली से काफी उम्मीदें हैं, जो 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




टीजर रिलीज की तारीख और कलाकारों की जानकारी सामने आ गई है, लेकिन गुड बैड अग्ली की कहानी अभी भी गुप्त रखी गई है। फिल्म के निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्सुकता और उत्साह बढ़ गया है। 28 फरवरी को टीजर रिलीज होने के साथ ही प्रशंसकों को आखिरकार गुड बैड अग्ली की दुनिया की एक झलक मिल जाएगी।गुड बैड अग्ली इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है और टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा ने उत्साह को और बढ़ा दिया है। अपने स्टार कास्ट, प्रतिभाशाली क्रू और दिलचस्प कथानक के साथ गुड बैड अग्ली के ब्लॉकबस्टर हिट होने की उम्मीद है। प्रशंसक 28 फरवरी को टीजर रिलीज और 10 अप्रैल को फिल्म रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# महामहिम से ऐसा कथन नहीं कहलवाना था



**» राज्यपाल के अभिभाषण पर पहली बार सत्तापक्ष की ओर से आयी आपत्ति...**

**रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** राज्य विधानसभा में राज्यपाल के सोमवार को दिए अभिभाषण पर आज धन्यवाद चर्चा शुरू हुई। अभिभाषण पर चर्चा से पहले पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने राज्यपाल के उद्बोधन के एक बिंदु पर सवाल खड़े किए, जिसको लेकर स्पीकर ने सरकार से अपने जवाब में स्थिति स्पष्ट करने की व्यवस्था दी है।

### किन 18 स्थानीय भाषाओं हो रही पढ़ाई..?

चर्चा शुरू होने से पहले भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने अभिभाषण के एक बिंदु पर प्रश्न उठाया और कहा कि महामहिम से ऐसा कथन नहीं कहलवाना था। चंद्राकर ने कहा कि अभिभाषण के पृष्ठ 14 में उल्लेख किया गया है कि मेरी सरकार 18 स्थानीय भाषाओं में बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई करवा रही है। चंद्राकर ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ में ऐसी कौन सी 18 भाषाएं है जिसमें पढ़ाई हो रही है? यह उल्लेख टंकण त्रुटि है या सत्य है, यह सत्यापित किया जाना चाहिए। मेरा कहना है कि 'महामहिम से ऐसा कथन नहीं कहलवाना था।'इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था दी कि सीएम सदन में मौजूद हैं, वे इसका निराकरण अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देंगे तब इस पर प्रकाश डालेंगे। जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के 25 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब सत्तापक्ष की ओर से राज्यपाल के अभिभाषण के बिंदु पर आपत्ति जताई गई हो। बताते डालें कि अब तक छग विधानसभा में 24 अभिभाषण हो चुके हैं।

## प्रश्नकाल में महंत और उद्योग मंत्री लखनलाल के बीच गरमा गरम बहस

### चरणदास ने वित्तीय कारणों से बंद उद्योग को लेकर पूछा



बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल में वित्तीय कारणों से बंद उद्योग को लेकर गरमा गरम बहस हुई। महंत ने कहा, मैंने मंत्री जी से पूछा कि जनवरी 2024 से 25 तक कितने उत्पादन कार्य बंद हुए। जिसमें पांच उत्पादन कार्य बंद हुए, 274 लोगों को सेवा से अलग किया गया। राजनांदगांव में उत्पादन केंद्र बंद किया। उद्योग मंत्री से सवाल है कि खनिज से संबंधित एक जिले के पांच उत्पादन कार्य बंद हुए, सभी वित्तीय कार्यों से बंद हुए। महंत ने पूछा, इन लोगों को आपने सहयोग क्यों नहीं किया। मंत्री लखनलाल ने जवाब देते हुए कहा उद्योग विभाग के अनुसार जो सब्सिडी दी जाती है वो दी गई है। पांचों को ब्याज अनुदान में 75 लाख 31 हजार और स्थायी पूंजी में 60 लाख की सहायता दी गई। अपने 2023 में भी कांग्रेस के शासन काल में 18 उद्योग बंद हुए। रमन सिंह के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पांच साल में 27 उद्योग बंद हुए, किसी का उद्योग नहीं चल पाता है तो बंद कर देते हैं।



### जल स्रोत के बिना ही 653 गांव में बिछा दी पाइप लाइन और बना दी टंकी...

**विधायक चंद्राकर के सवाल पर घिरे मंत्री साव**

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के 653 गांव में बिना जल स्रोत के ही पाइप लाइन बिछा दी गई और पानी टंकी भी बना दिया गया है। जब जल स्रोत ही नहीं है तो लोगों के घरों तक जल आपूर्ति भी नहीं हो रही है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान जब यह मुद्दा उठाया, तब डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री अरुण साव घिरे रहे। इस मुद्दे पर सवालों का संतोषजनक जवाब ना मिलने पर कांग्रेस ने बर्हिगमन भी किया।

## जल जीवन मिशन के ठेकेदारों को 70 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान नहीं : अरुण साव

छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई जारी है। तीसरे दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन का मुद्दा गरमाया। कुरुद से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ऐसे गांवों की जानकारी चाही, जहां जल स्रोत नहीं होने के बावजूद टंकी और पाइप लाइन बिछा दी गई। जवाब में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 653 जहां जल स्रोत नहीं है और वहीं टंकी और पाइप लाइन बन गई। उप मुख्यमंत्री ने बताया



कि जब योजना का डीपीसी की गई थी, तो उस दौरान प्रत्येक गांवों में जल स्रोत की व्यवस्था थी, लेकिन योजना की शुरुआत होने में देरी की वजह से ये दिक्कत आई है। उन्होंने ये भी बताया कि ये योजना 2019 की थी, लेकिन जल स्रोत का काम 2023 में शुरु हुआ, इसकी वजह से ज्यादा दिक्कत आई। अजय चंद्राकर ने सवाल पूछा कि वैसे अधिकारी जिन्होंने बिना जल स्रोत के ही पाइप लाइन बिछवा दी और टंकी बनवा दी, उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। जवाब में डिप्टी सीएम ने सदन को आश्वस्त किया कि इस मामले में किसी भी ठेकेदार का 70 फीसदी से ज्यादा भुगतान नहीं होगा।

## प्रदेश में राजस्व के 1 लाख 49 हज़ार 479 प्रकरण लंबित : राजस्व मंत्री



विधानसभा में विधायक अजय चंद्राकर, उमेश पटेल, शकुंतला पोर्ते ने ध्यानाकर्षण के जरिए लम्बित राजस्व मामला का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा भुईया पोर्टल भी लगता है कि किसानों को परेशान करने के लिए बनाया गया है. 35 फीसदी डाटा की ग़लत एंट्री की है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार का अधिकार एसडीएम और तहसीलदार के पास है। पूर्व सरकार ने इसे एसडीएम तक सीमित कर दिया था। नए संशोधन में यह अधिकार अब तहसीलदार को भी दिया गया है। कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अपनी जमीन संबंधित जानकारी देख सकता है. राज्य में 1 लाख 49 हज़ार 479 राजस्व प्रकरण लंबित हैं।

## रायपुर नगर निगम में 15 साल बाद खिला कमल



**नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे समेत सभी 70 पार्षदों ने ली पद की शपथ**

**रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** राजधानी रायपुर में 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने नगर निगम में वापसी की है। आज बूढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे समेत सभी 70 पार्षदों ने पद की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर के विधायक और सांसद सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।




### 15 साल बाद निगम में बीजेपी की वापसी

निगम मुख्यालय बनने के बाद लगातार तीन कार्यकाल तक कांग्रेस का कब्जा रहा। किरणमयी नायक (2010-2015), प्रमोद दुबे (2015-2019), और एजाज ढेबर (2019-2024) कांग्रेस के महापौर रहे। अब मीनल चौबे के मेयर बनने के साथ ही बीजेपी को शहर सरकार में फिर से एंट्री मिल गई है। गौरतलब हो कि उन्होंने कांग्रेस की दीप्ती दुबे को 1 लाख 53 हजार 290 वोटों के अंतर से हराया है।

### 70 में से 60 वार्डों में बीजेपी की जीत

शहर के 70 वार्डों में बीजेपी के 60 पार्षद प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। जबकि कांग्रेस के 7 और 3 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत का स्वाद चखा है।

### बीजेपी,कांग्रेस और निर्दलीय विजेताओं की पार्षद सूची

- संदीप साहू ( कांग्रेस )
- भगतराम हरवंश ( भाजपा)
- डॉ. मनमोहन मनहरे ( भाजपा)
- नंद कुमार साहू ( भाजपा)
- अंबिका साहू ( भाजपा)
- खगपति सोनी ( भाजपा)
- खेमकुमार सेन ( भाजपा)
- सावित्री धीवर ( निर्दलीय)
- गोपेश कुमार साहू ( भाजपा)
- देवदत्त द्विवेदी ( भाजपा)
- मोहन साहू ( भाजपा)
- साधना प्रमोद साहू ( भाजपा)
- महेंद्र खोडियार ( भाजपा)
- सूर्यकांत राठौर ( भाजपा)
- राजेश देवांगन ( भाजपा)
- गज्जू साहू ( भाजपा)
- प्रमिला साहू ( भाजपा)
- सोहन साहू ( भाजपा)
- प्रीतम ठाकुर ( भाजपा)
- अमन ठाकुर ( भाजपा)
- गायत्री सुनील चंद्राकर ( भाजपा)
- मीना ठाकुर ( भाजपा)
- रोनिता जगत प्रकाश ( कांग्रेस )
- दीपमनीराम साहू ( कांग्रेस )
- भोलाराम साहू ( भाजपा)
- रामहीन कुर्रे ( भाजपा)
- अवतार सिंह बागल ( भाजपा)
- कृतिका जैन ( भाजपा)
- कैलाश बेहरा ( भाजपा)
- राजेश कुमार गुप्ता ( भाजपा)
- पुष्पा रोहित साहू ( भाजपा)
- प्रभा मनोज विश्वकर्मा ( भाजपा)
- प्रदीप कुमार वर्मा ( भाजपा)
- आकाश तिवारी ( निर्दलीय)
- शेख मुशीर ( कांग्रेस )
- श्वेता विश्वकर्मा ( भाजपा)
- दीपक जायसवाल ( भाजपा)
- आनंद अग्रवाल ( भाजपा)
- सुमन अशोक पांडेय ( भाजपा)
- आशु चंद्रवंशी ( भाजपा)
- सरिता दुबे ( भाजपा)
- अंबर अग्रवाल ( भाजपा)
- अजय साहू ( भाजपा)
- मुरली शर्मा ( भाजपा)
- अर्जुमन एजाज ढेबर ( कांग्रेस )
- संजना संतोष हियाल ( भाजपा)
- संतोष साहू ( भाजपा)
- महेश ध्रुव ( भाजपा)
- अनामिका सिंह ( भाजपा)
- गायत्री नौरंगे ( भाजपा)
- रेणु जयंत साहू ( कांग्रेस )
- विनय पंकज निर्मलकर ( भाजपा)
- मनोज जांगड़े ( भाजपा)
- सुषमा तिलक साहू ( भाजपा)
- विनय प्रताप सिंह ध्रुव ( भाजपा)
- सचिन मेघानी ( भाजपा)
- अमर गिदवानी ( भाजपा)
- स्वप्निल मिश्रा ( भाजपा)
- अंजलि जितेंद्र गोलछा ( भाजपा)
- रमेश सपहा ( भाजपा)
- रवि सोनकर ( भाजपा)
- बद्री प्रसाद गुप्ता ( भाजपा)
- प्रमोद कुमार साहू ( भाजपा)
- मनोज वर्मा ( भाजपा)
- जयश्री नायक ( कांग्रेस )
- कृष्णा सोनकर ( निर्दलीय)
- ममता तिवारी ( भाजपा)
- दुर्गा यादराम साहू ( भाजपा)
- महेंद्र औसर ( भाजपा)
- अर्जुन यादव ( भाजपा)



## गोठान में हुई बड़ी लापरवाही

**» कुत्तों ने नोच डाले चार बछड़े...**


**» निगम अधिकारी बने रहे बेखबर...**

**दुर्ग,27 फरवरी 2025 (ए)।** जिले के भिलाई नगर निगम द्वारा संचालित गोठान में बड़ी लापरवाही सामने आई है। रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस गोठान में कुत्तों ने चार बछड़ों को नोच डाला, जबकि निगम अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं थी। गो सेवकों ने गुरुवार की सुबह यह नजारा देखा तो वे हैरान रह गए। इस घटना के बाद गो सेवकों ने मवेशियों के डॉक्टर को सूचना दी।

गो सेवक परशुराम देवांगन ने बताया कि वे रोजाना गो सेवा के लिए गोठान आते हैं, लेकिन आज सुबह जब पहुंचे तो चार बछड़ों को कुत्तों ने बुरी तरह नोचा हुआ पाया। उन्होंने बताया कि गोठान में बछड़ों को रखने की कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं है। जहां बछड़ों को रखा गया है, वह जगह खुली हुई है, जिससे कुत्ते आसानी से अंदर घुस जाते हैं। बीती रात कुत्तों ने चार बछड़ों को नोच डाला, जिससे उनकी हालत गंभीर है और उनके बचने की संभावना भी कम नजर आ रही है। यह पहली बार नहीं है जब गोठान में कुत्तों द्वारा बछड़ों को नोचे जाने की घटना सामने आई है।

पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, लेकिन निगम अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। गो सेवकों ने निगम अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इस मामले में भिलाई निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला से बात करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें अभी इस घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि पहले बछड़ों की स्थिति जांचकर उनके इलाज का प्रबंध किया जाएगा। इसके बाद यह पता लगाया जाएगा कि कहां चूक हुई है, जिससे कुत्ते गोठान में घुस रहे हैं।

## पत्नी सरपंच चुनाव हारी तो गम में पति ने फांसी लगाकर दे दी जान



**राजनांदगांव,27 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के मोखली गांव में पत्नी के सरपंच चुनाव में हारने के बाद पति ने आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसकी लाश गांव के बीच चौराहे पर पेड़ पर झूलते हुए मिली। युवक की मौत देखकर गांव में सनसनी फैल गई।

## एनआईटी का 15वां दीक्षांत समारोह आज

**» पहली बार दी जाएगी डॉक्टरेट की मानद उपाधि,**

**» मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे ईसरो के पूर्व अध्यक्ष**



**रायपुर,27 फरवरी 2025 (ए)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर का 15वां दीक्षांत समारोह कल, 28 फरवरी 2025 को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। इस बार समारोह में पहली बार डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय योगदान देने वाले इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. श्रीधर पनिक्कर सोमनाथ को यह सम्मान दिया जाएगा वे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, किर्लोस्कर ब्रदर्स के अध्यक्ष संजय किर्लोस्कर भी समारोह में शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह में कुल 1319 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसमें बी.टेक और बी.आर्क कार्यक्रमों के 1055 छात्र, एम.टेक और एमसीए के 229 छात्र, और 35 पीएचडी धारक शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।बी.आर्क और बी.टेक के 13 टॉपर्स को गोल्ड मेडल और 12 को सिल्वर मेडल दिए जाएंगे। वहीं, एमसीए, एमएससी और एम.टेक के 14 टॉपर्स को गोल्ड और 14 को सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। यह समारोह एनआईटी रायपुर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा, क्योंकि पहली बार मानद डॉक्टरेट उपाधि दी जा रही है। डॉ. सोमनाथ, जिन्होंने चंद्रयान-3 जैसे मिशनों में अहम भूमिका निभाई, और संजय किर्लोस्कर की मौजूदगी इस आयोजन को और खास बनाएगी। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए उनकी मेहनत का सम्मान और भविष्य की प्रेरणा का प्रतीक होगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में छत्रपति संभाजी के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' टैक्स फ्री की गई...




**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की घोषणा**

**रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐतिहासिक वीर गाथा पर आधारित हिंदी फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री घोषित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐतिहासिक वीर गाथा पर आधारित हिंदी फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री घोषित की।

### निकाय चुनाव में हार की समीक्षा के लिए कांग्रेस की अहम बैठक आज



**प्रभारी सचिव भी रहेंगे मौजूद**

**रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की समीक्षा के लिए 28 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसमें कार्यकारिणी सदस्यों के साथ प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, संपत कुमार और सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी मौजूद रहेंगे।


### जीत का जश्न फिर महिला सरपंच की मौत,गांव में मातम



**जांजगीर चांपा,27 फरवरी 2025(ए)।** जिले के बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाटा-बेहेराडीह की नवनिर्वाचित महिला सरपंच भगवती मरकाम का निधन हो गई है। बताया जा रहा है कि, अचानक तबीयत बिगड़ने पर बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना की खबर से पूरा गांव शोक में डूब गया है।

### मोबाइल ब्लास्ट में युवक घायल

**बेमेतरा-रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** जिले में मोबाइल फटने से युवक घायल हो गया। घायल युवक पैंट की जेब में मोबाइल लेकर घूमने जा रहा था। इसी दौरान मोबाइल गर्म होने पर जेब से निकालते समय मोबाइल में जोरदार ब्लास्ट हो गया। जिससे घटना में युवक का पैर पूरी तरीके से झुलस गया। पीड़ित युवक नीतीश कुमार वर्मा ग्राम लोलेसरा का रहने वाला है। फ़िलहाल उसका जिला अस्पताल बेमेतरा में इलाज चल रहा है।



### मांगें पूरी नहीं होने से पेंशनर्स महासंघ नाराज



**4 मार्च को जल संसाधन विभाग का करेंगे घेराव**

**रायपुर,27 फरवरी 2025(ए)।** मांगों की अनदेखी के चलते पेंशनर्स महासंघ नाराज हैं। विभागीय भविष्य निधि में जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान करने समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स महासंघ 4 मार्च को जल संसाधन विभाग का घेराव करेगा। इसे लेकर राजधानी में पेंशनरों की बैठक हुई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)